हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 02.07.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 335 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास मेदांता में भर्ती

**अयोध्या** : अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके एक शिष्य ने बताया कि महाराज जी को जन्मोत्सव कार्यक्रम में इंफेक्शन हो गया था। स्वास्थ्यगत समस्याओं के कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। मेदांता अस्पताल में डाक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही हैं और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। हालांकि कुछ समय लग सकता है।

### असम में 13 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त छह तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी** : असम पुलिस ने बराक घाटी के श्रीभूमि और कछार जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान लगभग 13 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि मादक पदार्थ तस्करों का दावा था, यह कारोबार है, लेकिन असम पुलिस का स्पष्ट जवाब था, असम में नहीं। पुलिस ने अभियान के दौरान 49,800 याबा टैबलेट और 535 ग्राम हेरोइन बरामद की। जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 13 करोड़ रुपये बताई गई है।

### एहतेशाम वकारिब बने जमशेदपुर के नए एसएसपी

**रांची** : झारखंड सरकार ने जमशेदपुर में हालिया कानून-व्यवस्था से जुड़े घटनाक्रम के बाद पुलिस प्रशासन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए नए अधिकारियों की तैनाती की है। सरकार ने एहतेशाम वकारिब को जमशेदपुर का नया वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नियुक्त किया है, जबकि मनोज स्वर्गियारी को सरायकेला-खरसावां जिले का नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) बनाया गया है। यह नियुक्तियां जमशेदपुर के बिष्टुपुर क्षेत्र में हुए चर्चित हिमांशु सिंह हत्याकांड के बाद की गई प्रशासनिक कार्रवाई के क्रम में हुई हैं। इससे पहले सरकार ने तत्कालीन जमशेदपुर एसएसपी पीयूष पांडे और सरायकेला-खरसावां एसपी निधि द्विवेदी को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कथित लापरवाही के आरोप में पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था।

## छह वर्ष बाद सक्रिय होगा झारखंड राज्य सूचना आयोग

# राज्यपाल ने चार नए सूचना आयुक्तों को दिलायी शपथ, मुख्यमंत्री रहे मौजूद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में करीब छह वर्ष बाद राज्य सूचना आयोग फिर पूरी क्षमता के साथ काम करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में चार नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों अनुज सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और शिवपूजन पाठक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन नियुक्तियों के साथ ही लंबे समय से ठप पड़ी आयोग की नियमित सुनवाई दोबारा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है।

समारोह की शुरूआत राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार द्वारा राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वारंट के वाचन से हुई। इसके बाद राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने क्रमवार सभी नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।




### झारखंड सूचना आयोग के कामकाज को मिलेगी रफ्तार

**चार नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के साथ झारखंड राज्य सूचना आयोग के नियमित कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है। लंबे समय से लंबित मामलों की सुनवाई दोबारा शुरू होगी, जिससे सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर हजारों अपीलों और शिकायतों के निस्तारण का रास्ता साफ होगा।**

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम और महुआ माजी, राज्य सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि 8 मई 2020 को तत्कालीन प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आयोग में नियमित सुनवाई लगभग ठप हो गई थी। आयोग में पर्याप्त सूचना आयुक्त नहीं होने के कारण अपीलों और शिकायतों का निस्तारण प्रभावित हुआ। वर्तमान में आयोग में लगभग 25 हजार अपीलें लंबित हैं। इसके अलावा प्रतिदिन जिला स्तर से लगभग 100 ऑनलाइन और ऑफलाइन अपीलें प्राप्त होने से लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ता गया।

### 24 जुलाई 2006 को हुआ था झारखंड राज्य सूचना आयोग का गठन

झारखंड राज्य सूचना आयोग का गठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत राज्य सरकार ने 24 जुलाई 2006 को किया था। राज्य के पहले मुख्य सूचना आयुक्त सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हरि शंकर प्रसाद बने थे। उन्होंने 30 जुलाई 2006 को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की थी और 30 जून 2008 तक इस पद पर कार्य किया। उनके साथ नियुक्त अन्य छह सूचना आयुक्त जुलाई 2011 तक आयोग में कार्यरत रहे।

## डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और संवेदनशीलता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय चिकित्सक (डॉक्टर) दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, करुणा और सेवा भावना की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी डॉक्टरों की अथक सेवा ने करोड़ों लोगों का विश्वास और आभार अर्जित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों में भी व्यापक वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, इससे भावी डॉक्टरों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं, स्वास्थ्य क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने में मदद मिली है और देश के हर हिस्से तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में डॉक्टरों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने, चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने, नवाचार को अपनाने और सभी नागरिकों तक सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम योगदान देते रहेंगे।



### राष्ट्र निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका अहम : पीएम

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समुदाय को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट भारत की आर्थिक यात्रा के लंबे समय से भरोसेमंद साझेदार रहे हैं और उनकी विशेषज्ञता देश के आर्थिक विकास तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा पारदर्शिता और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के प्रयास ऐसे आर्थिक वातावरण के निर्माण में सहायक हैं।

## हेमन्त सोरेन से मिला चैंबर प्रतिनिधिमंडल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में उद्योग, व्यापार और निवेश के मौजूदा परिदृश्य पर सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि फेडरेशन की ओर से जल्द ही एक राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यभर के उद्योगपति, व्यापारी और उद्यमी शामिल होंगे। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उद्योग एवं व्यापार से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग और रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, उदयशंकर, रमेश कुमार चिनी, विनय अग्रवाल, पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर, कार्यकारिणी सदस्य फिराजुद्दीन और गुमला चैंबर के सदस्य अमर प्रदीप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हिमांशु सिंह हत्याकांड में एसएसपी और एसपी हटाए गए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : बिष्टुपुर स्थित डबल डाउन बार के बाहर करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के बाद झारखंड सरकार ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी पीयूष पांडेय और सरायकेला-खरसावां की एसपी निधि द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से उनके पदों से हटा दिया है। दोनों अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। दोनों पति-पत्नी हैं।

राज्य सरकार ने कोल्हान क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर विशेष निगरानी के लिए एडीजी मनोज कौशिक, कोल्हान आयुक्त रवि रंजन विक्रम और कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा को जिम्मेदारी सौंपी है। तीनों वरिष्ठ अधिकारी बुधवार से जमशेदपुर में कैंप कर हालात की लगातार समीक्षा करेंगे। इससे पहले कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे को निलंबित कर दिया गया था। उनकी जगह निरंजन कुमार को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। जांच में पाया गया कि घटना के दौरान सीसीआर वैन और थाना पुलिस के बीच समन्वय का अभाव था तथा सूचना मिलने के बावजूद थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंचे।

### प्रशासन के आश्वासन पर अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए परिजन

डबल डाउन हत्याकांड में मारे गए हिमांशु सिंह के शव के अंतिम संस्कार को लेकर पिछले ढाई दिनों से जारी गतिरोध बुधवार को समाप्त हो गया। सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा के साथ परिजनों की लंबी वार्ता के बाद प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया, जिसके आधार पर परिवार अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गया।

### भाजपा ने आज मशाल जुलूस और कल जमशेदपुर बंद का किया एलान

बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आदित्य साहू ने घोषणा की कि जमशेदपुर की घटना के विरोध और राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ 2 जुलाई की शाम को जमशेदपुर में भाजपा एवं आम जनता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा 3 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया गया है।

### बिहार विधान परिषद के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**पटना** : बिहार विधान परिषद के एनेक्सी भवन में बुधवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 10 नवनिर्वाचित नेताओं ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के रूप में शपथ ली। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह में राज्य सरकार और विपक्ष के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण की शुरूआत भोजपुरी अभिनेता एवं नवनिर्वाचित विधान पार्षद पवन सिंह से हुई। उन्होंने सबसे पहले एमएलसी पद की शपथ ग्रहण की। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख, सुनील कुमार सिंह सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने क्रमवार शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चुट्टूपालू घाटी में ट्रेलर ने नौ वाहनों को मारी टक्कर, कई घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 स्थित चुट्टूपालू घाटी में बुधवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा एक अनियंत्रित ट्रेलर घाटी में ब्रेक फेल होने के बाद बेकाबू हो गया और उसने एक के बाद एक नौ वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जबकि सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई।



### जून में 14 प्रतिशत बढ़कर 1.95 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी कलेक्शन

**नयी दिल्ली** : सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन जून 2026 में 13.9 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1.71 लाख करोड़ रुपये था। घरेलू लेनदेन से सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 34.6 प्रतिशत बढ़कर 60,038 करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के अनुसार, कुल 'रिफंड' (प्रतिदाय) जून में 29.1 प्रतिशत बढ़कर 32,436 करोड़ रुपये रहा। सिर्फ ग्रॉस रेवेन्यू ही नहीं, बल्कि रिफंड चुकाने के बाद की नेट कमाई (शुद्ध राजस्व) भी शानदार रही है। नेट आधार पर देखें तो सरकार के खाते में 1,62,377 करोड़ रुपये आए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 11.2 प्रतिशत ज्यादा है।

# एलपीजी सिलेंडर के बाद पेट्रोल ₹5 व डीजल ₹3 सस्ता, 200 लीटर वाली पाबंदी भी हटी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : 1 जुलाई को तेल कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 183 रुपये की बड़ी कटौती कर लोगों को राहत दी। सिलेंडर के बाद तेल के दामों में भी राहत मिली है। पेट्रोल और डीजल के दाम घटाए गए हैं। नायरा एनर्जी ने 1 जुलाई से पेट्रोल की कीमत में 5 और डीजल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी ने तेल की कीमतों में कटौती कर बड़ी राहत दी है। देशभर में नायरा के 7000 से अधिक पेट्रोल पंप हैं, जहां आज से पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये सस्ता मिलेगा। जहां नोट कर लें कि पेट्रोल-डीजल के दाम में सिर्फ नायरा एनर्जी ने कटौती की है। सरकारी तेल कंपनियों ने कीमत को जस का तस रखा है।



इसके साथ ही देशभर में 1 जुलाई से पेट्रोल-डीजल की बल्क खरीदारी पर लगी पाबंदी को खत्म कर दिया गया है। नायरा देश की पहली रिटेलर कंपनी है, जिसने पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती कर राहत दी है। मार्च में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी कर दी थी।

अमेरिका और ईरान के युद्ध में समझौते की उम्मीद और होर्मुज से जहाजों की आवाजाही शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। क्रूड ऑयल 115 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था, जो अब गिरकर 70 से 73 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है। कच्चे तेल की सप्लाई में राहत मिलने के बाद नायरा ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती कर लोगों को राहत दी है।

### पासपोर्ट बनवाना हुआ महंगा, मुफ्त आधार अपडेट शुरू

देश में 1 जुलाई, 2026 से कई अहम बदलाव हो रहे हैं, जिनका असर सीधा आप पर पड़ने वाला है। महीने की शुरूआत होने के साथ ही टैक्सपेयर्स, बैंक कस्टमर्स, आधार कार्ड यूजर्स, क्रेडिट कार्ड होल्डर्स, पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने वालों के लिए कई नए नियम लागू किए जा रहे हैं। इनमें इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन से लेकर आधार कार्ड में ईमेल अपडेट की छह महीने के लिए फ्री सुविधा तक जैसी कई सारी चीजें शामिल हैं। देश के विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 के तहत पासपोर्ट अप्लाई करने और री-इश्यू दोनों की फीस बढ़ा दी है। यह बीते 14 सालों में की गई पहली बड़ी बढ़ोतरी है। 36 पेज का नॉर्मल पासपोर्ट : 2,500 रुपये (पहले 1,500 रुपये) 60 पेज का नॉर्मल पासपोर्ट : 3,500 रुपये (पहले 2,000 रुपये) 36 पेज का तत्काल पासपोर्ट : 5,000 रुपये60 पेज का तत्काल पासपोर्ट : 6,000 रुपये।

## राजस्थान में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई बस, आठ की मौत

एजेंसी

**दौसा** : राजस्थान के दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के खाली ट्रेलर से भीषण टक्कर के बाद स्लीपर यात्री बस में आग लग गई। इस हादसे में आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

दौसा पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के अनुसार हादसा मंगलवार-बुधवार दरमियान रात करीब 2:38 बजे कोलवा थाना क्षेत्र में हुआ। हंस ट्रेवल्स की स्लीपर बस (आरजे 11 डी 6565) और ट्रेलर (आरजे 01 जीई 0164) के बीच टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। बस में आग लगने से छह यात्री बुरी तरह जल गए, जबकि दो अन्य की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हुई।



पुलिस के अनुसार हादसे के बाद मृत यात्रियों की शिनाख्त की गई, जिसमें इंदौर के बजरंग नगर निवासी भूमि भौर पुत्री भारत भौर, खरगोन जिले के बड़वाह निवासी प्रियंका पांडे पत्नी जितेन्द्र पांडे, दीपक पुत्र नन्नूसिंह तंवर, सीहोर जिले के रामपुरा कला निवासी दीपु पुत्र नरबत सिंह, इंदौर के अन्नपूर्णा नगर निवासी निर्मला पत्नी चंद्रप्रकाश गुप्ता, झाबुआ जिले के भूतखेड़ी निवासी धर्मसिंह पुत्र गुलसिंह, बस चालक तथा बस परिचालक कुलदीप हैं।

**एक नजर**

## जेएलकेएम नेता विजय साहु ने ब्रह्मभोज में किया खाद्य सामग्री सहयोग



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलासवार पंचायत ग्राम पलाण्डू में 18 जून को व्रजपात से पलाण्डू निवास किशुन महतो उम्र- 50 वर्ष का निधन हो गया था अपने पिछे एक पत्नी दो पुत्र तीन पुत्री के छोड़ गया। इस दु :ख के घड़ी में जेएलकेएम केंद्रीय महासचिव विजय साहू के द्वारा कुछ सहयोग किया गया चावल और आटा दिया गया जिसका वितरण पंचायत के अध्यक्ष रामु कुमार एवं पार्टी के सक्रिय सदस्य के द्वारा किया रामु कुमार ने कहा कि हमरी पार्टी लोगों के समस्या के समय हमेशा जनता के साथ खड़ा रहती है और सहयोग करती है । मौके पर उपस्थित प्रितम कुमार, बलराम कुमार,प्रमोद कुमार, बबलू गांझू,रोशन कुमार, उपस्थित थे।

## चलकुशा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



**चलकुशा :** थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार के नेतृत्व में बुधवार को नशा मुक्त अभियान चलाया गया थाना क्षेत्र के ग्राम चलकुशा के चांदनी चौक पर नशा मुक्ति को लेकर एक नुक्कड़ सभा भी किया गया। जिसके माध्यम से नशे से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया`जिसके बाद झारखण्ड कस्तूरबा आवासीय बालिक विद्यायल चलकुशा में जाकर विद्यालय के बालिकाओं बीच में नशा मुक्ति रोक थाम को लेकर बालिकाओं को इसके बारें में थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह के द्वारा विद्याथीर्यों के बीच बताया गया ।। झारखण्ड अवासीय विद्यायल के बच्चों एवं शिक्षको के बीच बाताया गया कि जैसे तम्बाकु – गांज शराब अफीम, ड्राग्स इन्यादि नशा को रसेवन करने से बचे और लोगों को जागरूक करें इस अभियान में एस आई मलिक मुर्मू पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव और चलकुशा थाना के जवान मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय 65वीं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**बड़कागांव :** प्रखण्ड स्तरीय 65वी सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया गया। जिसमें कई स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा को दिखलाया। यह प्रतियोगिता प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक दीपक कुमार की अध्यक्षता, मंच संचालन शिक्षक अवधेश कुमार के द्वारा किया गया। खेल में मुख्य रूप से अंडर-15 बालक वर्ग में प्रथम - पी एम श्री विद्यालय शिवाडीह, द्वितीय - पी एम श्री बड़कागांव। अंडर 17 बालक में प्रथम-उच्च विद्यालय जर्जरा, द्वितीय - र र+2 उच्च विद्यालय हरली। अंडर-17 बालिका में प्रथम कस्तूरबा गांधी विद्यालय बड़कागांव, द्वितीय - उच्च विद्यालय जरजरा कि टीम विजय हासिल की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे बीआरपी धनंजय दास , लेखापाल - सुधीर कुमार, खेल शिक्षक- अमित शर्मा, अनील कुमार ,अमित सागर, मुकेश रंजन, बिधि व्यवस्था, में रेखा कुमारी ,बीरेन्द्र कुमार दास, महाबीर गांझू, रंजीत खलखो, गैब्रियल तिर्की, कृष्ण दयाल महतो, प्रेम कुमार राणा, राम कुमार प्रसाद, रंजीत नाग, सागर कुमार, राज कुमार ,सुनिल कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग की अहम भूमिका रही।

# एसबीआई बरही में मनाया गया 71 वर्षगांठ, केक काटकर मनायी खुशियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** भारतीय स्टेट बैंक बरही शाखा में भारतीय स्टेट बैंक का 71 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार के नेतृत्व में केक काटकर वर्षगांठ को यादगार बनाया गया। मौके पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव, स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के पाठ्यक्रम प्रभारी सतेंद्र कुमार शर्मा, बैंक के उप प्रबंधक अनमोल कुमार , सहायक प्रबंधक अरविंद कुमार, बैंक कर्मी सागर मोदी, हैदरी लकड़ा, मधुमिता बख्शी, कुसुम कुमारी एवं एसआई रूपलाल यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर वर्षगांठ को यादगार बनाया। मौके पर मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार ने ग्राहकों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं की जानकारी दी। उन्होंने एसबीआई की बैंकिंग इतिहास की भी जानकारी दी। कहा कि 1955 से आज तक देश की सुरक्षित एवं सबसे बड़ा बैंक के रूप में एसबीआई जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित किया है। उप प्रबंधक अनमोल कुमार ने स्टेट बैंक की खूबियों से ग्राहकों को परिचित कराया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने स्टेट बैंक के 71 वां वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसबीआई बरही शाखा का सर्विस बहुत अच्छा है। भरत यादव ने कहा कि जब से बरही के मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार ने योगदान दिया है। तब से बैंक का ग्राफ बढ़ा है। ग्राहकों का झुकाव स्टेट बैंक की ओर बढ़ा है। कपिल केशरी ने कहा कि स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा एवं सुरक्षित बैंक है। आज भी यह बैंक देश की शान है। मौके पर वरिष्ठ ग्राहकों को बैंक की ओर से सम्मानित किया गया। सभी ने बैंक की सफलता पर बैंक स्टाफ को बधाई देते हुए बेहतर कार्य के लिए साधुवाद दिया। मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार ने कहा कि उनका प्रयास है कि जो भी ग्राहक स्टेट बैंक को छोड़े है उन्हें बैंक के बेहतर सर्विस के माध्यम से उन्हें पुनः स्टेट बैंक में घर वापसी कराऊँ। आज से मुहिम चालू कर दिया गया है। उन्होंने स्टेट बैंक से जुड़ने की अपील की। मौके पर रंजीत केशरी, विनय प्रजापति, धर्मदेव साव, रंजीत कुमार, मुनेश्वर प्रसाद केशरी, मनोज कुमार, अरुण कुमार, प्रो हीरामन साव, रवि शंकर कुमार, महेश प्रसाद, रीतलाल कुमार, मो साहबान, रीता कुमारी, सोनम देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थमे हड्डी के ऑपरेशन सांसद की पहल से हुई शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रबंधकीय लापरवाही एक बार फिर सामने आई थी,जहां आयुष्मान योजना के तहत सप्लायर का बकाया भुगतान न होने के कारण पिछले कई दिनों से ऑर्थोपेडिक मरीजों के ऑपरेशन पूरी तरह ठप्प पड़े थे। अस्पताल के आर्थो वार्ड में भर्ती मरीज पिछले 8-10 दिनों से बिना सर्जरी के तड़पने को मजबूर थे। जब पीड़ित मरीजों के परिजनों ने इस बदहाली की सूचना हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को दी तो उन्होंने मामले को बेहद गंभीरता से लिया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने तुरंत अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात कर इस स्थिति पर बातचीत की और उन्हें चेताया भी कि जरूरतमंद मरीजों को अतिरिक्त पीड़ा न दें और तत्काल उनका सर्जरी शुरू कराये। जिसके बाद बुधवार को बंद पड़ी सर्जरी पुनः शुरू हो सकी। कई मरीजों का सर्जरी हुआ और संभवतः अन्य मरीजों का भी जल्द ही सर्जरी होगा जिससे उन्हें राहत मिलेगी। कई दिनों से ऑर्थोपेडिक ओटी में बंद पड़े सर्जरी शुरू होने पर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ व्यवस्था पर हंगामा खड़ा करना नहीं है बल्कि धरातल पर सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश और त्वरित प्रयास के कारण मरीज के गंभीर समस्या से उन्हें राहत मिल सकी है और आगे भी जनता के हितों के लिए हम इस प्रकार का प्रयास जारी रखेंगे।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कर्णपुरा महाविद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के सेमिनार हॉल में इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. ज्योति जलधर ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सफलता निष्पक्ष एवं अद्यतन मतदाता सूची पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना । तथा समय-समय पर उसका सत्यापन कराना लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त कर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्ति नाथ महतो ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर कार्य एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे निर्वाचन संबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं की सही जानकारी प्राप्त कर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश महतो ने किया। उन्होंने विषय का विस्तृत परिचय देते हुए कहा की मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसकी प्रक्रिया, उद्देश्यों तथा इससे संबंधित आवश्यक प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम को प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक ढंग से संचालित किया तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विषय की उपयोगी जानकारी प्रदान की।

## सिकरी में आस्था का मंडा पूजा संपन्न, अंगारों पर चले 51 फीट ऊंचे ध्वजा लट्ठे पर झूले श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सिकरी में पारंपरिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ मंडा पूजा विधिवत एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शिवभक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी अटूट श्रद्धा और भक्ति का परिचय दिया। वहीं करीब 51 फीट ऊंचे शिव ध्वजा लट्ठे पर झूलने की परंपरा का भी विधि-विधान के साथ निर्वहन किया गया। पूजा के अवसर पर आयोजित मेले में रातभर सांस्कृतिक छऊ नृत्य का आयोजन हुआ, जिसका ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और मेले का माहौल भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। मेले की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सिकरी ओपी थाना पुलिस की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सहयोग से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंडा पूजा समिति ने पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मंडा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, ग्रामीणों आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सामूहिक प्रयास से मंडा पूजा एवं मेला शांतिपूर्ण, भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर पूजा में गणपत भगत (पाट बजनिया भगत), बुधन महतो (पाट भगत), जीबा भगत (फूल भगत), सोहर भगत, छोटन भगत, कुलदीप भगत, खेदन भगत, पंकज भगत, संजय भगत, जोगेंद्र भगत, सोनू भगत, उपेंद्र भगत, मोहन भगत, पवन भगत, भोला भगत, टहलु भगत, रितेश भगत, कुश भगत, बिजली भगत, संतोष भगत, रुसान भगत, जागेश्वर भगत, प्रकाश भगत, अनुज भगत, प्रभात भगत, सुनील भगत, मनोज भगत, अंकित भगत, कुलदीप भगत एवं छोटू भगत सहित अन्य भगतों ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पूजा समिति के अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह, सचिव जगेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज गुप्ता तथा उप-कोषाध्यक्ष फूलचंद गिरी संयोजक स्वरूप कुमार सिंह, मटुक महतो ,भोला महतो, भोला गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता ,नारायण महतो, पचल राणा, रामेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह जिला के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सह सदर विधानसभा के प्रभारी मुन्ना पासवान, प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों में शारदा रंजन दुबे को वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है वहीं निसार खान, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सलीम रजा, लखराज सिंह, सुखदेव प्रसाद यादव, बाबर अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इधर सुनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष का पद दिया गया है तो संजय कुमार सिंह, असगर अली, संजय कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, कैलाश पति देव, संतोष रजवार, सेवालाल महतो, जय प्रकाश यादव, योद्धी प्रसाद यादव, तारकेश्वर महतो, प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, मनीलाल चौधरी, गोपाल पाण्डेय, चितरंजन कुमार गुप्ता, अब्बास अंसारी, दीपक कुमार गुप्ता, नरायाण महतो, विशेश्वर स्वर्णकार, वासुदेव, शिबू सोनी, इन्द्रेव सिंह, अजय राणा, कुमारी बाखला, पंचम पासवान, सुनिल साह, जमीरउद्दीन, मनोज पासवान, मौलाना हेलाल अख्तर, बैजू गहलोत, मुकेश सिन्हा, केदार यादव, अभिजीत सिंह, नमिता कुमारी, विजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, देवेन्द्र राम, देव चव्हाण, सोनी मेहता, हेमराज प्रसाद, विरेन्द्र पाण्डेय, दाउद अली, भैया असीम कुमार, अभिषेक सिंह, रेवाली पासवान को सचिव पद दिया गया है।

# आरोग्यम अस्पताल का 10वीं वर्षगांठ समारोह एवं डॉक्टर डे धूमधाम से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** शहर के प्रतिष्ठित आरोग्यम अस्पताल में स्थापना दिवस, डॉक्टर डे एवं 10वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। वर्ष 2016 में स्थापित आरोग्यम अस्पताल ने सेवा के 10 सफल वर्ष पूर्ण कर अपने 11वें वर्ष में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर अस्पताल परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। चिकित्सकों, कर्मचारियों, अतिथियों एवं अस्पताल परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में केक काटकर स्थापना दिवस एवं डॉक्टर डे का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा, प्रशासक जया सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रजत चक्रवर्ती, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. बी.एन. प्रसाद तथा न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल कुमार एवं नर्सिंग कॉलेज की निर्देशिका प्रीति जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान अस्पताल से जुड़े सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं सेवा भावना के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर डे के अवसर पर सभी चिकित्सकों के चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनका विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की दस वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के उद्देश्य से 30 मई 2025 को अस्पताल की दूसरी शाखा का शुभारंभ किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को आधुनिक एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। समारोह का आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रही जहां संगीत, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। वहीं एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से चिकित्सकों के समर्पण, सेवा भावना और मानवता के प्रति उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर कई मरीजों एवं उनके परिजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आरोग्यम अस्पताल ने उन्हें केवल बेहतर उपचार ही नहीं, बल्कि नया जीवन और नया विश्वास भी दिया है। उनके अनुभवों ने समारोह को और अधिक भावनात्मक बना दिया। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल की यह उपलब्धि पूरे अस्पताल परिवार, चिकित्सकों, कर्मचारियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है।

**संक्षिप्त खबरें**

## देवगढ़ विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच कॉपी एवं बैग का वितरण



**बड़कागांव :** आंगों पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में शिक्षा विभाग के निर्देश पर बच्चों के बीच मुफ्त शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो एवं संचालन सहायक अध्यापक मोहम्मद शमशेर आलम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कोलेश्वर गंझू के हाथों कॉपी एवं बैग का वितरण किया गया। मौके पर कोलेश्वर गंझू ने कहा कि बेहतर शिक्षा से बेहतर राष्ट्र बनता है,इसीलिए अच्छी शिक्षा देने वालों का अधिक सम्मान दिया जाना चाहिए। क्योंकि बच्चों की सफलता के लिए उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक, भावनात्मक और सामाजिक ज्ञान अत्यंत जरूरी है। बच्चे मुफ्त बैग एवं कॉपी पाकर काफी उत्साहित दिखे। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी कोलेश्वर गंझू, एतवा गंझू, प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो, पर मोहम्मद शमशेर आलम, कपूर्री ठाकुर, अरविंद सिंह, सुधु गंझू, सुधीर मिंज, बिनेश्वर प्रसाद विनायक, बाल संसद प्रधानमंत्री निखिल कुमार , उप प्रधानमंत्री तनु कुमारी, शिक्षा मंत्री शिवानी कुमारी सहित कई लोगों के साथ-साथ विद्यालय के दर्जनों छात्राएं उपस्थित थे।

## कम बारिश के कारण धान की खेती के बजाय वैकल्पिक खेती करें किसान : राकेश



**बरही :** झारखंड में कम मानसून या बारिश की कमी के कारण बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को धान की खेती ना करने की अपील की है। उन्होंने किसानों से अपील किया है कि किसान धान के बजाय कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों की खेती करने का आग्रह किया है और संभावित सूखे की स्थिति से निपटने केडी लिए एक विस्तृत आकस्मिक योजना तैयार की है। उन्होंने किसानों से धान के बजाय मक्का, मंडुआ, अरहर, उड़द, मूंग और कुलथी जैसी फसलों की खेती करने की सलाह दी है, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है। किन्तु अगर किसान धान की खेती करने पर अडिग है, तो उस परिस्थिति में सलाह दी है कि कम अवधि वाली 100 - 110 दिन वाली धान की फसल लगाएं। साथ ही बिचड़ा गिराने का जो तरीका है उसमें बदलाव करते हुए अगर हमें 20 कट्ठा के लिए बिचड़ा तैयार करना है तो पांच-पांच सप्ताह के अंतराल पर गिराएं ताकि मानसून अगर विलंब से आता है तो उस परिस्थिति में हमारा पूरा बिचड़ा बर्बाद होने से बच जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक सलाह दी जा रही है कि जितने भी रसायन उर्वरक है, उसके लिए हमें आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सरकार द्वारा किसानों को जागरूकता अभियान द्वारा जागरूक किया जा रहा है कि सभी किसान भाई कम से कम रासायनिक खाद्य का प्रयोग करें और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। अगर हम लोग इसी तरह रासायनिक खाद्य का उपयोग करते रहेंगे तो आने वाले समय में पूरा भूमि बंजर भूमि में तब्दील जो जाएगा।

## पांच वर्षों से भुगतान नहीं मिलने का आरोप मजदूरों के समर्थन में जीतू यादव ने खोला मोर्चा



**चौपारण :** पाण्डेयबारा पंचायत में संचालित जीडी केबल प्लांट (जो राज केसरी के स्थान पर संचालित हो रहा है) में मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्लांट में कार्यरत कर्मियों ने आरोप लगाया है कि पिछले पांच वर्षों से उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है। वहीं, कुछ वाहनों को प्लांट से हटाने के लिए दबाव बनाए जाने की भी शिकायत सामने आई है। मजदूरों की समस्या को लेकर पाण्डेयबारा के समाजसेवी जीतू यादव ने पहल करते हुए प्लांट प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने प्लांट के अधिकृत प्रतिनिधि मुकुंद गाड़ोरिया से बातचीत कर मजदूरों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की। जीतू यादव ने कहा कि मजदूरों ने वर्षों तक ईमानदारी से काम किया है। उनकी मेहनत की कमाई रोकना उचित नहीं है। मजदूरों के साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपना काम निकाल रही हैं, लेकिन मजदूरों की परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान प्लांट प्रतिनिधि की ओर से पहले 15 दिन और फिर एक महीने के अंदर भुगतान करने की बात कही गई, लेकिन बाद में अलग-अलग कारण बताकर मामले को टालने का प्रयास किया गया। इससे नाराज समाजसेवी जीतू यादव ने प्रबंधन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जीतू यादव ने चेतावनी दी कि यदि तय समय के अंदर मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो प्लांट का गेट जाम कर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन की ओर से लगातार आश्वासन देकर मजदूरों को इंतजार कराया जा रहा है और अब भुगतान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकार के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर अनिल पाण्डेय, छात्रधारी यादव, प्रेम यादव, अशोक सिंह, गुंजन सिंह, अभय यादव समेत अन्य पीड़ित लोग मौजूद रहे।

## मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत ने किया 220 फलदार पौधा का वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार के द्वारा ग्रामीणों के बीच 220 फलदार आम अमरूद सहित अन्य पौधे का वितरण किया गया। रंजीत ने कहा की आम अमरुद सहित अन्य पौधे लोगों के बीच वितरण किया हूँ, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन भागेदारी से जोड़ना और समाज में हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते,बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं। मौके पर लोगों ने केवल पौधे लगाने ही नहीं बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लिया। मौके पर पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ,उप मुखिया सत्यदेव कुमार ,राम लगन महतो, प्रवीण कुमार ,वार्ड सदस्य अनीता देवी ,रूपेश कुमार ,रोशन कुमार एवं अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

## एक नजर

### राज अस्पताल में हंगामा, थमाया 16 लाख का बिल, मरीज वेंटिलेटर पर

**रांची :** राजधानी के राज अस्पताल में भर्ती एक मरीज के इलाज को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय राजू कुमार को मई महीने में पैर टूटने के बाद राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान संक्रमण बढ़ता गया और अब मरीज की हालत गंभीर हो गई है। फिलहाल वह वेंटिलेटर पर भर्ती है।
परिजनों का कहना है कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर अब तक करीब 16 लाख रुपये का बिल बना दिया है। उनका आरोप है कि इतनी बड़ी रकम खर्च होने के बाद अब अस्पताल मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर करने की बात कह रहा है।
उन्होंने सवाल उठाया कि पैर की चोट का संक्रमण सिर तक कैसे पहुंच गया। हंगामे की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों से बात की और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने कहा कि अगर परिजन इस मामले में लिखित शिकायत देते हैं तो पूरे मामले की हर पहलू से जांच की जाएगी।
वहीं परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही की वजह से मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई और अब वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

### झारखंड में खत्म हुई कैब चालकों की हड़ताल

**रांची :** 28 जून से रांची, जमशेदपुर और बोकारो में ओला, उबर और रैपिडो से जुड़े करीब 4,000 कैब ड्राइवर तीन दिनों की हड़ताल पर थे। इस दौरान खासकर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन आने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि कई जगह ऑटो चालकों ने किराए में 5 से 7 गुना तक बढ़ोतरी कर दी थी।
ड्राइवरों की मांग थी कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ती कीमतों के अनुरूप किराए में भी बढ़ोतरी की जाए, इसी मुद्दे को लेकर आज झारखंड प्रदेश टैक्सी यूनियन की बैठक हुई। बैठक के बाद यूनियन अध्यक्ष अमित ओझा ने बताया कि उबर ने मिनी, सेडान और 7-सीटर गाड़ियों के बेस किराए को क्रमशः 80, 100 और 120 रुपये करने पर सहमति जताई है। रैपिडो ने भी किराया बढ़ाने का आश्वासन दिया है। वहीं ओला ने 10 से 25 प्रतिशत तक किराया बढ़ाने की बात तो कही है, लेकिन अब तक लिखित आश्वासन नहीं दिया है। इसी कारण यूनियन ने फिलहाल ओला के बहिष्कार का फैसला लिया है और ड्राइवरों से उबर व रैपिडो से जुड़ने की अपील की है। यूनियन ने यह भी घोषणा की कि आज से कैब चालकों की हड़ताल समाप्त कर दी गई है और उबर व रैपिडो की सेवाएं सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गई हैं।

### पांच महीने से वेतन नहीं मिलने पर एनएचएम कर्मियों का प्रदर्शन

**रांची :** रांची के सदर अस्पताल में कार्यरत एनएचएम के नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने बुधवार को वेतन नहीं मिलने के विरोध में सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले पांच महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने बताया कि कई लोगों के पास अस्पताल आने-जाने का किराया तक नहीं बचा है। घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि वे लगातार अपनी ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन हर बार सिर्फ वेतन मिलने का भरोसा दिया जाता है।

# जगन्नाथपुर मेला का टेंडर 2 करोड़ से ऊपर में हुआ, महंगे होंगे झूले व स्टॉल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी में 16 जुलाई को ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा और 10 दिवसीय रथ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मेले में लगने वाली दुकानों के आवंटन के लिए जगन्नाथपुर थाना परिसर में टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई। इस बार मेले के संचालन का टेंडर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निवासी राजेश चंद्रा की फर्म आरएस इंटरप्राइजेज ने 2 करोड़ 27 लाख 21 हजार 112 रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर हासिल किया। पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह अब तक का सबसे महंगा टेंडर है, जिससे मेले में लगने वाले स्टॉल और दुकानों के किराए में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।
टेंडर की शर्तों के अनुसार, सफल बोलीदाता को तीन दिनों के भीतर कुल राशि का 50 प्रतिशत यानी करीब 1.13 करोड़ रुपये जमा करना होगा। शेष राशि के लिए बैंक गारंटी 25 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य होगा। टेंडर में भाग लेने वाले सभी आवेदकों के लिए 2.10 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट और केंद्र या राज्य सरकार से पंजीकृत मेला वेंडर होना जरूरी है।
जगन्नाथपुर मेले के टेंडर रकम के बढ़ने से साफ तौर पर मेले में दुकान लगाने वाले पर किराया का दर बढ़ जाएगा जिससे ना चाहते हुए भी मेले में आए हुए, झूला कंपनी, फूड स्टॉल, बर्तन की दुकान, पार्किंग, और जितने भी स्टॉल रहेंगे वह सब मेले में आए हुए लोगों से उच्चतम दाम वसूल लेंगे। इस साल आयोजित होने जा रहा जगन्नाथपुर मेला अब तक का सबसे महंगा है। अगर साल 2024 की बात करें तो ऐसे कई सारे दुकानदार थे, जो ज्यादा रकम होने की वजह से जगन्नाथपुर में आने के बावजूद दुकान लगाने में असफल हो गए थे और रातु में होने वाले जगन्नाथपुर मेला में अपनी दुकान लगाए थे। आने वाले दिनों में कहीं ना कहीं फिर से वही तस्वीर देखने को मिले सकती है क्योंकि इस बार टेंडर की कीमत 2 करोड़ से ऊपर चली गई है।
टेंडर प्रक्रिया एडीएम लॉ एंड ऑर्डर धनंजय, जगन्नाथ मंदिर के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, मंदिर सचिव प्रसन्न कुमार, विनोद कुमार और आवासीय पदाधिकारी स्मृति कुमारी की मौजूदगी में संपन्न हुई। वहीं मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा वर्जन सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है।
इस साल जिला प्रशासन ने मेला टेंडर की न्यूनतम आरक्षित राशि 1 करोड़ 5 लाख रुपये निर्धारित की थी। सफल एजेंसी अब मेले में स्टॉलों के किराए की सूची जारी करेगी। साथ ही उसे उप-विक्रेताओं को अधिकृत करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति, झूलों और अन्य मनोरंजन साधनों के संचालन व सभी सरकारी मानकों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

## पहली बार डूरंड कप की मेजबानी करेगा रांची, बिरसा मुंडा स्टेडियम में होंगे मुकाबले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची पहली बार देश के प्रतिष्ठित डूरंड कप 2026 की मेजबानी करने जा रही है। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 135वें संस्करण में रांची को मेजबान शहर के रूप में शामिल किया गया है, जिसे राज्य के खेल इतिहास की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।
टूर्नामेंट का आगाज 25 जुलाई से होगा, जबकि रांची में मुकाबले 26 जुलाई से 16 अगस्त तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले जाएंगे। यहां लीग चरण के कई मुकाबलों के अलावा एक क्वार्टर फाइनल मैच भी आयोजित किया जाएगा।
रांची में होने वाले मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम और पहली बार डूरंड कप में हिस्सा ले रही श्रीलंका सशस्त्र बलों की टीम डिफेंडर्स एफसी समेत कई टीमें अपनी चुनौती पेश करेंगी। इससे स्थानीय फुटबॉल प्रेमियों को उच्चस्तरीय मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा।
इस वर्ष डूरंड कप में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में आयोजित किए जाएंगे। रांची को मेजबानी मिलना झारखंड में फुटबॉल के विकास और खेल संस्कृति को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा।

## सिल्ली की क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर की जल्द होगी मरम्मत, विभाग ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड स्थित लोटा किता सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से का मंगलवार को जल संसाधन विभाग, रांची के कनीय अभियंताओं ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नहर की स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त हिस्से का माप (मेजरमेंट) भी किया।
निरीक्षण के बाद विभागीय अभियंताओं ने बताया कि नहर की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। मरम्मत होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल होने की उम्मीद है।
स्थानीय लोगों ने भी नहर की जल्द मरम्मत की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को खेती-बाड़ी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
विभाग द्वारा निरीक्षण किए जाने और जल्द मरम्मत का आश्वासन मिलने से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, लंबोदर महतो, सुनील महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में निकला जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के तत्वाधान में हेसल और चिलदाग गांव में भव्य मोहर्रम जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस का नेतृत्व हेसल मोहर्रम कमिटी के सदर अफताब आलम उर्फ अहमद, चिलदाग की ओर से महबूब, इजहार अंसारी एवं कलीम अंसारी ने किया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में अमर कुमार चौधरी, जलेंद्र प्रसाद और रिझु नायक शामिल थे। इस दौरान सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया, वहीं पूरे क्षेत्र का माहौल श्रद्धा, शांति और सौहार्द से भर गया। इस अवसर पर अतिथियों ने मोहर्रम के संदेश को शांति, त्याग, बलिदान, मानवता और आपसी भाईचारे का प्रतीक बताते हुए समाज में सौहार्द बनाए रखने की अपील की।
मोहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अंकुर चौधरी, समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, अनवर खान, अब्दुल इमाम अंसारी, एहसान अंसारी, परवेज खान, जमील, बीरेन्द्र भगत, साकिर अंसारी, सिकंदर अंसारी, इब्राहिम अंसारी, गुड्डू रब्बानी, राज हाशिम अंसारी, महमूद अंसारी, मिन्हाज, सफीक अंसारी, फिरोज अंसारी, इदरीश अंसारी, सौकत अंसारी, रियाश अंसारी, असफाक अंसारी, अजीज अंसारी, अमीरूल अंसारी, सकील अंसारी, अशरफुल अंसारी, रकीब अंसारी, रेहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बहुबाजार की 60 साल पुरानी दुकानें होंगी ध्वस्त, कई परिवारों को रोजी-रोटी पर संकट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बहुबाजार चौक के पुराने बाजार में 60 साल से स्थित 20 से 25 छोटी-छोटी दुकानें अब इतिहास बनने की कगार पर हैं। सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई के तहत मुख्य सड़क से 13 फीट अंदर तक टूटफूट की जा रही है। इससे बाजार की अधिकांश दुकानें प्रभावित हो रही हैं, जबकि कई दुकानों के पूरी तरह समाप्त हो जाने की आशंका है।
इन दुकानों से कई परिवारों की कई सालों से रोजी-रोटी चल रही थी। कार्रवाई शुरू होने के साथ ही दुकानदारों की मायूसी साफ दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि दुकानें टूटने के बाद कई जगह केवल 5 से 10 फीट हिस्सा ही बचेगा, जबकि कुछ दुकानों का तो कोई अस्तित्व ही नहीं रह जाएगा। दुकानदारों का कहना है कि पीढ़ियों से चले आ रहे उनके व्यवसाय पर अब संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि यदि दुकानें पूरी तरह ध्वस्त हो गईं तो परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो जाएगा। दुकानदारों ने बताया कि सिरमटोली से कांटाटोली तक फ्लाईओवर बनने के दौरान पहले ही 14 फीट तक दुकानें तोड़ी जा चुकी है, फिर कनेक्टिंग फ्लाईओवर के कारण सभी दुकानें को तोड़ी जा रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि फलाईओवर के नीचे बने दुकानों को आवंटित किया जाए ताकि टूटे दुकान के बदले नयी दुकान मिल जाए, जिससे महंगाई के बीच रोजी रोजगार की जुगाड़ हो सके और नहीं तो पूरी तरह से बेघर हो जायेंगे।

# पुलिस मुखबिरों की हत्या मामले में हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक पॉलस सुरिन और नक्सली जेठा कच्छप को किया बरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए सजायाफ्ता पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को बरी कर दिया है। अदालत ने दोनों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील स्वीकार करते हुए आजीवन कारावास की सजा को निरस्त कर दिया।
मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार को सुनाया गया। खंडपीठ ने साक्ष्यों और पक्षकारों की दलीलों पर विचार करने के बाद दोनों अपीलकर्ताओं को दोषमुक्त कर दिया।
पूर्व विधायक पौलूस सुरीन की ओर से वरीय अधिवक्ता बी.एम. त्रिपाठी तथा अधिवक्ता नवीन कुमार जायसवाल ने पैरवी की, जबकि नक्सली जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने न्यायालय में पक्ष रखा।
गौरतलब है कि इससे पहले रांची की अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने इस दोहरे हत्याकांड में पौलूस सुरीन और जेठा कच्छप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था तथा जुमार्ना अदा नहीं करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया था। अभियोजन के अनुसार, वर्ष 2013 में खूंटी जिले के तोरपा क्षेत्र में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की उनके घर के सामने बने चबूतरे पर अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के संबंध में कर्रा थाना में कांड संख्या 27/2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो, पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप सहित अन्य आरोपितों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया।
झारखंड उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद इस बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में पौलूस सुरीन और जेठा कच्छप को राहत मिल गई है। हालांकि मामले में अन्य आरोपितों के विरुद्ध न्यायिक प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कानूनी प्रावधानों के अनुसार जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने एसआईआर में अनियमितता को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की जांच की मांग



**रांची :** झारखंड भाजपा ने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) अभियान में कथित अनियमितताओं को लेकर बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में बीएलओ द्वारा मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले थैले के इस्तेमाल तथा जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर दर्ज होने का आरोप लगाया है। भाजपा की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग को दो अलग-अलग पत्र भेजे हैं। पहले पत्र में कहा गया है कि 30 जून से शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले थैले का उपयोग किया जा रहा है। भाजपा ने इसे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता के दृष्टिकोण से गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है और उसकी सभी गतिविधियां पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। पार्टी ने पूरे मामले की जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरे पत्र में भाजपा ने जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-176 पर कई मतदाताओं के नाम एक ही बूथ पर एक से अधिक स्थानों पर दर्ज होने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित मतदाताओं के दो-दो मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर होने की जानकारी मिली है, जो निर्वाचन नियमों के अनुरूप नहीं है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से इस मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पार्टी का दावा है कि शिकायत पत्र के साथ दोनों मामलों से संबंधित दस्तावेजी प्रमाण भी संलग्न किए गए हैं।

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी अनगड़ा मंडल की संगठनात्मक बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से एसआईआर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के प्रचार-प्रसार तथा प्रबुद्ध जनों के स्वागत कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगामी 6 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो, रांची जिला पूर्वी के प्रभारी अशोक शर्मा, अनगड़ा मंडल प्रभारी आरती कुजूर, जिला महामंत्री सतदेव मुंडा, जिला उपाध्यक्ष अनुराधा मुंडा एवं माधुरी देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी रामसय मुंडा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल स्तर के पदाधिकारियों में मंडल महामंत्री अजय कुमार सिंह भोक्ता, मंडल उपाध्यक्ष धनेनाथ महतो, परमेश्वर महतो, पुशनाथ मुंडा, संतोष महतो, मंडल मंत्री सोनू महतो, रामेश्वर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, जागेश्वर महतो, अजय कुमार महतो, पूर्व महामंत्री गमलाल महतो, देवनाथ महतो, रामकुमार नायक, रतिया नायक, उमेश नायक, पुनीलाल महतो, बिरजा मुंडा, नीलकंठ चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### थाना परिसर में लगा जन शिकायत शिविर मौके पर निपटे कई मामले



**सिल्ली :** सिल्ली एवं मुरी ओपी थाना परिसर में बुधवार को शाम 4 बजे पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु विशेष जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सिल्ली थाना के अवर निरीक्षक रामदेव कुमार यादव ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही कुछ मामलों का त्वरित समाधान किया, जबकि अन्य मामलों में नियमानुसार जांच कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्ग के लोगों की शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। इसी क्रम में मुरी ओपी थाना परिसर में भी एक भूमि विवाद का मामला सामने आया, जिसका थाना पुलिस के सहयोग से शीघ्र समाधान कर दिया गया। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, आपसी झगड़ा, साइबर फ्रॉड, यातायात सहित विभिन्न समस्याएं रखीं। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत करना और शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना रहा।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मुरी में डॉक्टर जे. कच्छप का हुआ सम्मान



**मुरी :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मुरी स्थित सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जे. कच्छप को दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, मुरी शाखा की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, मुरी शाखा के सचिव नितीश कुमार सिंह द्वारा डॉ. जे. कच्छप को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कच्छप ने केक काटकर सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य सभी कर्मियों को उनके समर्पण, सेवा और मानवता के प्रति योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। डॉ. जे. कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में पूरे अस्पताल परिवार की टीम भावना, निष्ठा और सेवा सबसे बड़ी शक्ति होती है। दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, मुरी शाखा ने सभी चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सेवा भावना की मंगलकामना की।

# कोडरमा में खुरपका-मुंहपका (एफ.एम.डी.) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**01 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान, जिले के 2.04 लाख से अधिक पशुओं का होगा निःशुल्क टीकाकरणः उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पशुधन को खुरपका-मुँहपका जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज कोडरमा जिले में विशेष एफ.एम.डी. टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान जिले में 01 जुलाई 2026 से 29 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत जिले के गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ जिला समाहरणालय परिसर में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनिता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने मोबाइल वेटनरी यूनिट एवं टीकाकरण दलों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया।



जिले में इस अभियान के तहत 2,04,147 पशुओं को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दौरान प्रशिक्षित टीकाकर्मी गांव-गांव एवं घर-घर जाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करेंगे, ताकि खुरपका-मुँहपका रोग की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपने पशुओं का समय पर निःशुल्क टीकाकरण कराएं तथा टीकाकरण दलों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इससे पशुओं को खुरपका-मुँहपका जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के साथ-साथ पशुधन की उत्पादकता एवं किसानों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

**प्रखंडवार टीकाकरण लक्ष्य**

- चंदवारा - 43,133
- डोमचांच - 25,558
- जयनगर - 48,821
- सतगावां - 21,776
- मरकच्चो - 27,860
- कोडरमा - 28,999
- झुमरी तिलैया - 8,000

**प्रमुख बिंदु**

- अभियान अवधिः 01 जुलाई 2026 से 29 अगस्त 2026।
- जिले के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं (गाय, बैल एवं भैंस) का निःशुल्क टीकाकरण।
- टीकाकर्मी घर-घर जाकर पशुओं को एफ.एम.डी. से बचाव का टीका लगाएंगे।

## एक नजर

### निजी स्कूल कर रहे मनमानी : अभिभावक संघ

**कोडरमा :** अभिभावक संघ कोडरमा की ओर से बुधवार को कोडरमा फैमिली कैंटीन में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले के निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए गए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि निजी स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं और अभिभावकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। संघ ने बताया कि निजी विद्यालयों में री-एडमिशन, मेंटेनेंस चार्ज, नियम विरुद्ध प्रतिवर्ष फीस वृद्धि, पानी-बिजली-जेनरेटर शुल्क, किताबों को हर वर्ष बदलने, जर्जर स्कूल वाहनों की व्यवस्था तथा आरटीई के तहत गरीब बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन सहित कई मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया था। संघ के अनुसार शुल्क समिति की बैठक के बाद उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के आदेश दिनांक 25 मई 2026 के तहत निजी विद्यालयों के 13 बिंदुओं पर जांच 30 मई 2026 तक पूरी करनी थी, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। संघ ने कार्रवाई की मांग की है। प्रेस वार्ता में संघ ने निजी विद्यालयों से जुड़े कई मुद्दे उठाए। इनमें कक्षा 9 की एनसीईआरटी किताबों का स्कूलों में उपलब्ध नहीं होना, यूडीआईएसई पोर्टल में समस्या, एपीएआर पोर्टल लॉक होने, आरटीई के तहत 8वीं तक मुफ्त शिक्षा के प्रावधान के बावजूद कई विद्यालयों की मान्यता सीमित होने, खाली सीटों की रिपोर्ट बीईओ को नहीं भेजे जाने, आरटीई सीटों पर नामांकन नहीं होने, डोनेशन लिए जाने और 25 प्रतिशत आरटीई सीटों की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने जैसे आरोप शामिल हैं। प्रेस वार्ता में संघ के संरक्षक सईद नसीम, अध्यक्ष संजय साजन, सचिव भानू प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सिकन्दर कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र मिस्त्री, महिला अध्यक्ष रश्मि कुमारी, सचिव वीणा देवी, रणजीत कुमार यादव, श्रीकांत वर्मा, संदीप कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### चित्रगुप्त महापरिवार के उपाध्यक्ष का निधन

**रामगढ़ :** चित्रगुप्त महापरिवार के जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ महतो टोला निवासी दीपक कुमार सिन्हा का बुधवार को होप अस्पताल में इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से कायस्थ समाज से जुडे.सभी लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का समापन

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का सम्मान सह समापन समारोह बुधवार को उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शम्भू कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (उत्खनन), रजरप्पा क्षेत्र थे। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज प्रसाद, क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी ओ. पी. प्रभाकर तथा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा ने किया। समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा प्रोजेक्ट, सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रजरप्पा प्रोजेक्ट, एपेक्स पब्लिक स्कूल, मारंगमर्चा तथा आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, मारंगमर्चा के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## समाहरणालय में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

- योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन कर समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करेंः उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निगम, पेयजल, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, भू-अर्जन,नगर परिषद् झुमरी तिलैया, पर्यटन, राजस्व, शिक्षा, निर्वाचन समेत अन्य विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने पेयजल विभाग के अंतर्गत ग्राम गरचांच एवं मंडरिया के बीच पाइपलाइन बिछाने, भाहरी जलापूर्ति योजना, फुलवारिया गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य की प्रगति, वन विभाग अंतर्गत वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत निर्गत वन पट्टा, कोडरमा कोठियार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल एवं शौचालय का निर्माण कार्य, भू-अर्जन विभाग अंतर्गत तिलैया बगडो जयनगर पथ, डोमचांच पिपचो पथ, बगडो से महेशपुर चौक पथ, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, मिशन वात्सल्य के साथ साथ भूमि अतिक्रमण को हटाने को लेकर विस्तार से समीक्षा किया गया।

उपायुक्त ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम रतन वर्णवाल, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर समेत पदाधिकारीगण, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## लेबर कोड के राज्य नियमों में श्रमिकों का हित सुनिश्चित होः सीटू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं स्वतंत्र फेडरेशन के संयुक्त मंच, झारखंड के आह्वान पर बुधवार को सीटू के बैनर तले प्रदर्शन किया गया और श्रम अधीक्षक के माध्यम से माननीय श्रम मंत्री झारखंड सरकार और श्रम सचिव के नाम श्रम भवन में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्य में लागू किए जाने वाले लेबर कोड्स के नियमों में श्रमिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की गई।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मजदूर संगठनों के लगातार विरोध के बावजूद केन्द्र सरकार ने मालिक पक्षीय मजदूर विरोधी लेबर कोड की अधिसूचना नवंबर 2025 में जारी कर दिया। जिसके बाद से सीटू और अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने लगातार विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से श्रमिक हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाती आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए




लेबर कोड्स मजदूर विरोधी हैं और इनके खिलाफ मजदूर वर्ग का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि लेबर कोड्स के नियम बनाने से पूर्व सभी ट्रेड यूनियनों के साथ व्यापक विचार विमर्श किया जाए तथा मजदूरों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाए। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि ट्रेड यूनियनों से संवाद किए बिना मोदी सरकार के नक्शेकदम पर श्रमिक विरोधी नियम बनाना स्वीकार्य नहीं होगा। इसके खिलाफ हर मोर्चे पर सीटू संघर्ष करेगा। प्रदर्शन में रसोईया यूनियन के महेन्द्र तुरी, निर्माण कामगार यूनियन के नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, बद्री तुरी, बालेश्वर राम, बसंती देवी, महेन्द्र तुरी, उषा देवी, राजेन्द्र दास, शिवनंदन भुईयाँ, गंगा देवी, मंजू देवी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सह डॉक्टर्स डे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में आज 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस' और 'राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 11वीं और 12वीं (वाणिज्य संकाय) के विद्यार्थियों सहित प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश की अर्थव्यवस्था में सीए की भूमिका और समाज को स्वस्थ रखने में डॉक्टरों के योगदान से परिचित कराना था। इस दौरान वाणिज्य विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (क्ळअक) की स्थापना और सीए के नैतिक मूल्यों की जानकारी दी। वहीं, प्ले ग्रुप के छोटे बच्चों ने डॉक्टर बनकर सहपाठियों का



'इलाज' करने का अभिनय किया, जिससे उनमें सेवा की भावना जगी और उन्हें बताया गया कि डॉक्टरों को धरती पर 'दूसरा भगवान' क्यों माना जाता है। इस अवसर पर छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण और प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्राचार्य श्री जी सी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा, चार्टर्ड अकाउंटेंट जहाँ देश की आर्थिक रीढ़ हैं, वहीं डॉक्टर हमारे स्वस्थ जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। टैक्स, ऑडिट से लेकर वित्तीय नीतियों तक, हर जगह सीए की विशेषज्ञता की जरूरत होती है। ये दोनों पेशे केवल कमाई का जरिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी हैं।

## प्रतिभावान छात्रों को मिला सम्मान

**जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के कई छात्र-छात्राओं को सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।जानकारी के अनुसार प्रभात खबर के द्वारा शिव वाटिका में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर जिले के सभी विद्यार्थियों जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया था इस निमित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा के लगभग 20 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल लेकर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो की अर्चना पंडित जिन्होंने 464 अंक, निकिता कुमारी 454, अंक, निलेश कुमार 443, दशरथ का 438, राहुल कुमार दास 429 अंक, आयुष रंजन 420 अंक एवं अन्य गणेश साहू, अंकित कुमार, प्रियंका कुमारी, पीयूष कुमार यादव,राजकुमार साव,गुलशन




कुमार राणा, सुजीत यादव आदि छात्र छात्राओं ने 85% से ऊपर अंक लाए थे, जिसे कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि यह अपने विद्यालय का प्रथम सीबीएसई का रिजल्ट था जिसमें हम लोग परचम लहराने का काम कियें। और पूरे प्रखंड में बेहतर रिजल्ट दिए हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल से संचालित बोर्ड में पहले हम लोग शामिल करवाते थे जिसमें राज्य तक अपने विद्यालय के बच्चों का स्थान आया था इस? वर्ष से विद्यालय पूर्णतया सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित चल रहा है और पूरे जिले में इस विद्यालय के बच्चे बेहतर प्रदर्शन किया। जिसे लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने भी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस विद्यालय के बच्चे जिले ही नहीं पूरे राज्य में प्रथम लहराने का काम करेंगे और उन्होंने प्रथम प्रयास में यह साबित कर दिया अपने सामान कोई दूसरा नहीं। निश्चित तौर पर इस विद्यालय के विद्यार्थी ने अपने प्रतिभा का लोहा मनाया है। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, वरीय शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय,सतीश रंजन, रमजान हवारी, सिकंदर यादव, प्रकाश यादव,विनोद यादव, प्रभु यादव, सुनील पांडेय आदि शिक्षकों ने बधाई दिया।

## कोडरमा में 77 प्रतिशत वर्षा की कमी, किसान बेहाल : अविलंब कोडरमा को सुखाड़ घोषित करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले में सामान्य से लगभग 77 प्रतिशत कम वर्षा होना अत्यंत चिंताजनक और किसानों के लिए भयावह स्थिति का संकेत है। आम आदमी पार्टी, कोडरमा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य सरकार से मांग की है कि कोडरमा जिले को बिना विलंब सुखाड़ प्रभावित जिला घोषित किया जाए।

महेश कुमार यादव ने कहा कि आज जिले का किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठा है। खेत सूख रहे हैं, धान की रोपनी प्रभावित है, तालाब और जलस्रोत सूखने लगे हैं तथा किसानों के चेहरे पर निराशा साफ दिखाई दे रही है। जिस किसान ने कर्ज लेकर बीज, खाद और खेती की तैयारी की थी, उसके सामने आज अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी चुनौती बनता जा रहा है।



उन्होंने कहा कि सरकार यदि अभी भी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझती है, तो आने वाले दिनों में यह केवल कृषि संकट नहीं रहेगा, बल्कि हजारों किसान परिवारों के जीवन और आजीविका का संकट बन जाएगा। सरकार का कर्तव्य है कि वह कागजी समीक्षा तक सीमित न रहे, बल्कि तत्काल जमीनी सर्वे कराकर कोडरमा जिले को सुखाड़ घोषित करे और किसानों को राहत पहुंचाए।

महेश कुमार यादव ने मांग की कि किसानों को फसल क्षति का उचित मुआवजा, कृषि ऋण में राहत, सिंचाई की विशेष व्यवस्था, बीज एवं खाद पर सहायता तथा मनरेगा के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी किसान आर्थिक तंगी के कारण टूटने को मजबूर न हो।

उन्होंने कहा, अन्नदाता की पीड़ा को आंकड़ों में नहीं, उसके सूखे खेतों और उसकी बुझती उम्मीदों में देखा जाना चाहिए। यदि आज किसानों की आवाज नहीं सुनी गई, तो आने वाली पीढ़ियाँ इस संवेदनहीनता को कभी माफ नहीं करेंगी। सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर मानवता और किसानों के हित में तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

आम आदमी पार्टी किसानों के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है और जब तक किसानों को न्याय एवं राहत नहीं मिलेगी, तब तक उनकी आवाज बुलंद करती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस



**कोडरमा :** राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने चिकित्सकों के समाज के प्रति अमूल्य योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणादायक भाषणों से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चिकित्सकों की सेवा, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके योगदान पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उनके उद्बोधन ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर एवं मरीज विषय पर आकर्षक रोल प्ले तथा फैंसी ड्रेस प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा और मानवीय संवेदनाओं का प्रभावशाली संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अस्पताल, कोडरमा पहुँचा। वहाँ उपस्थित चिकित्सकों को विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए गए शुभकामना कार्ड एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने डॉ. अनिल कुमार (सिविल सर्जन, कोडरमा), डॉ. रंजीत कुमार (उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, कोडरमा) तथा डॉ. मनोज कुमार (जिला वी.बी.डी./जिला मलेरिया पदाधिकारी, कोडरमा) सहित सदर अस्पताल के अनेक अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के इस स्नेहपूर्ण सम्मान के लिए विद्यालय का धन्यवाद व्यक्त किया तथा बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सेवा भावना का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में चिकित्सकों के प्रति सम्मान, सेवा भावना तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और कृतज्ञता से परिपूर्ण रहा। राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ।

### डॉक्टर्स डे पर वार्ड 10 की पार्षद पिंकी जैन ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



**झुमरी तिलैया :** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर वार्ड संख्या 10 की पार्षद पिंकी जैन ने अपने वार्ड में वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को उनके क्लीनिक पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. लूना मित्रा, डॉ. ओमियो विश्वास एवं डॉ. अशोक विश्वास को सम्मानित कर उनके प्रति समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी, अनुभव और समर्पण के बल पर मरीजों को स्वस्थ एवं निरोग बनाने का निरंतर प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शायद ही कोई व्यक्ति बीमारी से अछूता हो। ऐसे समय में डॉक्टर अपने ज्ञान, उपचार और उचित परामर्श से लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मरीजों को ठीक करने के लिए वे अपना शत-प्रतिशत योगदान देते हैं, जिसके लिए पूरा समाज उनका ऋणी है। पिंकी जैन ने राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर वार्ड संख्या 10 में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कश्मीरी कुमार, डॉ. अलंकर्ता मंडल, डॉ. दिवाकर यादव, डॉ. सागर मणि सेठ, डॉ. नम्रता, डॉ. रौनक महर्षि, डॉ. अभिजीत राय, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. हर्षित सेठ, डॉ. उपेंद्र भदानी, डॉ. मनोज भदानी, डॉ. संगीता प्रसाद एवं डॉ. एस. शोभा कुमार के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज को चिकित्सकों के समर्पण और सेवा भावना का सदैव सम्मान करना चाहिए तथा उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### रोटरी क्लब कोडरमा के नए सत्र का आगाज रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह

**झुमरीतिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा के सत्र 2026-27 का शुभारंभ बुधवार को डॉक्टर दिवस, चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस एवं रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन आर्य एवं सचिव मोहक सुल्तानिया ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब कोडरमा एवं इनर व्हील क्लब कोडरमा ने संयुक्त रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट गवर्नर अमित कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच पर पूर्व अध्यक्ष संतोष सिन्हा एवं इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष कंचन भदानी भी उपस्थित थीं। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष नवीन आर्य ने कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा नए सत्र में समाज सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करेगा। सचिव मोहक सुल्तानिया ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी सदैव प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी सेवा कार्यों को गति दी जाएगी। रक्तदान शिविर में 20 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन प्रवीण मोदी एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर विवेक कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंदों के लिए रक्त किसी जीवनदायी वरदान से कम नहीं है। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता प्रसाद एवं असिस्टेंट गवर्नर अमित कुमार ने कहा कि डॉक्टर समाज के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हैं। दोनों ही समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. संगीता प्रसाद, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अलंकर्ता मंडल, डॉ. सागरमणि सेठ, डॉ. नम्रता सेठ तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधीर कुमार एवं प्रदीप हिसारिया को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अलंकर्ता मंडल, सीए प्रदीप हिसारिया एवं सीए सुधीर कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रक्तदान करने वालों में रोटेरियन प्रवीण मोदी, नवीन जैन, शैलेश दारूका, विवेक कुमार, पल्लवी सुल्तानिया, अलका खाटूवाला, अनिल खाटूवाला, ज्योति झा, रानी कालरा, अभय चरण पहाड़ी, सुधीर कुमार, प्रणय सेठ, चंचल भदानी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। पब्लिक रिलेशन डायरेक्टर नवीन जैन ने कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा भविष्य में भी प्रशासन एवं समाज के सहयोग के लिए नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करता रहेगा।

## टाटानगर रेलवे यार्ड में महिला हत्याकांड का खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेलवे स्टेशन के रेलवे यार्ड में खड़ी हटिया-टाटा एक्सप्रेस के कोच में गंभीर हालत में मिली महिला की हत्या के मामले का रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। संयुक्त अभियान ₹रेल प्रहरी₹ के तहत हुई जांच में बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के नरहा पानापुर निवासी कुमार ऋषभ (20) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपनी प्रेमिका माला देवी (27) की मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की थी। 6 जून को ट्रेन संख्या 18602 हटिया-टाटा एक्सप्रेस के एक कोच में सफाईकर्मी को माला देवी बेहोशी की हालत में मिली थीं। उन्हें तत्काल एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 15 जून को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर हरेलाल महतो ने चिकित्सकों को किया सम्मानित, मरीजों के बीच किया फल का वितरण

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो जी ने चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत श्री महतो ने अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तथा अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमारे समाज में भगवान का







दूसरा स्वरूप हैं। मानव सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है और राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। श्री महतो ने अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में पूरा अनुमंडल अस्पताल मात्र एक डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है, जिससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अविलंब कम-से-कम चार से पांच चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने 23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए अनुमंडल अस्पताल भवन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भवन तैयार होने के बावजूद वर्षों से उसका समुचित संचालन नहीं हो पाया है। लगातार टेंडर और मरम्मत कार्य होना सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र अस्पताल भवन को पूर्ण रूप से चालू कर क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। श्री महतो ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि क्षेत्र की जनता को समय पर बेहतर उपचार मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### रवि शंकर अकेला को महासचिव एवं रेवाली पासवान को मिली जिला सचिव की जिम्मेदारी



**चौपारण :** आगामी संगठनात्मक मजबूती को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन का विस्तार करते हुए चौपारण के छह सक्रिय नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजेश रंजन और जिलाध्यक्ष जेपी पटेल ने पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार चौपारण जिला परिषद सदस्य (भाग-2) एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविशंकर अकेला, दीपक गुप्ता और विकाश गुप्ता को जिला महासचिव बनाया गया है। वहीं रेवाली पासवान, बैजू गहलोत और मौलाना हेलाल अख्तर को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जिम्मेदारी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन विस्तार, कार्यकताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने को अपनी प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, अरुण साहू, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाबी यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, मिशन सिंह, बीरबल साहू, महेश केशरी, आशीष गुप्ता, अभिमन्यु भगत, टुन्नू वर्णवाल, मनोज यादव, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।

### बाइक के टक्कर से सड़क पार कर रहे बुजुर्ग समेत दो घायल

**बरही :** मंगलवार को देर शाम बरही मीडिल स्कूल के पास सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को चपेट में लेते हुए बाइक सवार सड़क पर गिरकर गया। हादसे दोनों घायल हो गए। घायल अब्दुल हबीब उम्र 65 वर्ष कोनरा साकरी मोहल्ला के रहने वाले हैं वहीं बाइक सवार अमित कुमार गुप्ता उम्र 45 वर्ष बरही का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बरही के दीपक गुप्ता बने कांग्रेस के जिला महासचिव, हर्ष





**बरही :** हजारीबाग जिला में कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए बरही के दीपक गुप्ता को हजारीबाग जिला कांग्रेस का महासचिव मनोनीत किया गया है। जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद एवं जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। दीपक गुप्ता इससे पूर्व ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष थे। आभार जताते हुए दीपक गुप्ता ने कहा कि वे संगठन को धरातल पर मजबूत करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे।

## दो वर्षों में सेवा और विकास की नई मिसाल बने सांसद मनीष जायसवाल : एनडीए

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के संसदीय कार्यकाल के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एनडीए गठबंधन की ओर से शहर स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में एक विशेष प्रेस-वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनडीए के विधायकों, विभिन्न दलों के जिला अध्यक्षों तथा वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से सांसद मनीष जायसवाल को बधाई देते हुए उनके दो वर्षों के कार्यकाल को सेवा, समर्पण, संघर्ष और विकास का बेमिसाल उदाहरण बताया। नेताओं ने कहा कि सांसद ने जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का कार्य किया है। प्रेस-वार्ता में सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधानसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, आजसू पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बबला सहित एनडीए गठबंधन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान राजनीति को केवल सत्ता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का निरंतर प्रयास किया। नेताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने जनता के साथ सीधा संवाद बनाए रखा। चाहे किसी गरीब परिवार का दुख-दर्द हो, किसी दुर्घटना में पीड़ित लोगों की सहायता करनी हो, प्राकृतिक आपदा की स्थिति हो अथवा क्षेत्र की विकास योजनाओं को गति देना हो, हर परिस्थिति में सांसद स्वयं लोगों के बीच उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय फुटबॉल रेफरी प्रशिक्षण शुरू, 21 शिक्षक ले रहे प्रशिक्षण

**खूंटी :** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी में बुधवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल रेफरी प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में जिले के 21 शारीरिक शिक्षा शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को फुटबॉल के नवीनतम नियमों एवं रेफरिंग की तकनीकी जानकारी से प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन खूंटी जिला फुटबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बिरसा कॉलेज, खूंटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, खेल एवं शारीरिक शिक्षा कोषांग के चंद्रदेव सिंह तथा संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मदन मोहन मिश्रा ने कहा कि क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिलों में इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयुष भवन में हुआ भव्य आयोजन, केक काटकर मनाया डॉक्टर्स डे

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त औषधालय आयुष भवन, हजारीबाग में बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस. एन. तिवारी के नेतृत्व में आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया तथा समाज के प्रति चिकित्सकों की सेवा, समर्पण और जिम्मेदारियों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस. एन. तिवारी ने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने वाला व्यक्ति नहीं बल्कि समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक बनाने वाला मार्गदर्शक भी होता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा एक ऐसा महान कार्य है जिसमें





संवेदनशीलता, धैर्य, समर्पण और मानवता का विशेष महत्व होता है। प्रत्येक चिकित्सक को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला नोडल आयुष चिकित्सा सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनंद शाही ने कहा कि चिकित्सक का सबसे बड़ा धर्म सेवा है। उन्होंने कहा कि मरीजों की पीड़ा को समझकर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराना ही एक सच्चे चिकित्सक की पहचान है। समाज में चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा भावना के माध्यम से लोगों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे सदैव सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने एक-दूसरे को चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। केक काटकर सभी ने इस विशेष दिवस की खुशियां साझा कीं और चिकित्सा सेवा को जनहित के लिए और अधिक प्रभावी बनाने का संदेश दिया।

## प्रस्तावना एवं धर्मनिरपेक्षता को जोड़ने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** नौवीं कक्षा के एनसीईआरटी के किताब सामाजिक विज्ञान में संविधान की प्रस्तावना एवं धर्मनिरपेक्ष की व्याख्या हटा दिए जाने की विरोध बुद्धिजीवी मंच एवं रविदास महासभा ने किया है। बुद्धिजीवी मंच एवं रविदास महासभा ने नौवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान में संविधान की प्रस्तावना को पाठ्य पुस्तक में रहने देने एवं धर्मनिरपेक्ष शब्द की व्याख्या करने की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल को, बुधवार को राज्यपाल के नाम संयुक्त हस्ताक्षर ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि समाचार पत्र के अनुसार एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक अंडरस्टैंड सोसाइटी इंडिया और बिहार पार्ट वन में संविधान की प्रस्तावना एवं धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या भी हटा दी गई है। पाठ्य पुस्तकों में प्रस्तावना एवं धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या नहीं रहने से भारत के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी संविधान की सारांश को नहीं पढ़ पाएंगे, संविधान को भी नहीं समझ पाएंगे, वे अज्ञानता पूर्वक अपने अधिकार को भी समझ नहीं पाएंगे, भविष्य में, वे अपने अधिकार के लिए भी संघर्ष नहीं कर पाएंगे, इसलिए एनसीईआरटी के नौवीं कक्षा की पुस्तक में संविधान की प्रस्तावना एवं धर्मनिरपेक्षता को पहले की तरह पाठ्यपुस्तक में पुनः अंकित किया जाए, आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, सांढ पंचायत के पूर्व मुखिया भीखन महतो, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम ,सचिव रघुनाथ राम, कोषाध्यक्ष युगेश्वर राम, नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, समाजसेवी सोनू इराकी, शंकर महतो, देवकी महतो आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता काली यादव की गिरफ्तारी के विरोध में समाहरणालय पर धरना

**चतरा :** भाजपा नेता काली यादव की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के नेतृत्व में शहर में आक्रोश रैली निकालकर समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास भी मौजूद थे। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने आरोप लगाया कि काली यादव को राजनीतिक साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजा गया है।

## पत्रकारों की गिरफ्तारी मामले में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन गंभीर, जांच समिति का गठन

- कोटालपोखर चेकनाका प्रकरण की होगी निष्पक्ष पड़ताल, रिपोर्ट के बाद एसपी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) साहिबगंज जिला इकाई की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुधवार को स्थानीय नया परिसदन परिसर में जिलाध्यक्ष चंदन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सचिव अरविंद ठाकुर एवं डिजिटल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कोटालपोखर थाना क्षेत्र के चेकनाका पर खबर संकलन के दौरान चार पत्रकारों–वसीम अकरम, मोहम्मद मोहसिन, लाल मोहम्मद शेख एवं मोहम्मद मुशर्रफ–के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार तथा उनकी गिरफ्तारी के मामले पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में संगठन ने घटना पर गहरी चिंता एवं दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वतंत्र कार्य वातावरण लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। इस दौरान पीड़ित पत्रकारों के परिजनों से दूरभाष पर बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही पीड़ित परिवार की ओर से जिलाध्यक्ष चंदन सिंह के नाम एक लिखित आवेदन भी संगठन को सौंपा गया, जिसमें घटना की पूरी आपबीती का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच कराने एवं न्याय दिलाने में संगठन से सहयोग की अपील की गई।

**तीन सदस्यीय जांच समिति करेगी तथ्यात्मक जांच:**

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं प्राप्त आवेदन के आलोक में बैठक में सर्वसम्मति से पूरे मामले की वस्तुस्थिति जानने के लिए तीन सदस्यीय जिला जांच समिति का गठन किया गया। समिति में जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष भूदेव कुमार तथा राजमहल प्रखंड उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय को शामिल किया गया है। समिति राजमहल उपकारा में बंद चारों पत्रकारों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक जानकारी जुटाएगी तथा अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिला इकाई को सौंपेगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व सभी तथ्यों का निष्पक्ष अध्ययन किया जाएगा।

**रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने एवं प्रदेश कमेटी के निर्देश के बाद जिला इकाई का एक शिष्टमंडल पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज से मुलाकात करेगा। शिष्टमंडल कोटालपोखर थाना में दर्ज प्राथमिकी, चेकनाका पर हुई पूरी घटना तथा संबंधित प्रशासनिक कार्रवाई की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। संगठन ने दोहराया कि उपलब्ध तथ्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार हित में आगे की रणनीति तय की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में जिला महासचिव रब नवाज आलम, जिला सचिव आलोक कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, तालझारी प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार चौधरी, संजय सिंह, सहेंद्र प्रसाद, गोविंद ठाकुर, धनंजय हलदार, संजीव कुमार, आनंद कुमार चौधरी, प्रशांत कुमार, चंदन कुमार, उज्ज्वल कुमार साहा, दीपक कुमार साह एवं नवीन कुमार सहित जिला एवं प्रखंड इकाई के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक का समापन पत्रकार हितों की रक्षा एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
**E-mail : eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**Short Tender Notice Inviting e-quotation**
**Notice No. – DWSD/RANCHI/05-2026-27 Dated : 01.07.2026**

Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand is going to provide Bartan Bank in different Panchayat of State and as part of this endeavor, Quotations through e-tender are invited for rate of Items/Materials annexed as Annexure-I from reputed Manufacturers/CNF of manufacturers having valid GSTIN of materials. The rate conforming to specifications will be used in procurement of utensils for Bartan Bank. The rate shall be submitted online in the website https://Jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 07.07.2026 to 13.07.2026 The quotation will be opened on 14.07.2026

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate for preparing estimates.

**Terms and Condition**
1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various raw materials shall be governed by the relevant Bureau Indian Standard (BIS) IS: 10145:1982 for HDPE items, IS:6911:2017 & IS:14756:2024 for SS items, IS:10748:2004 for MS items.
3. Quotationer may quote rate for all the materials.
4. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
5. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
6. The quotationer shall furnish GST registration no.
7. The undersigned reserves the right to accept or reject / cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
8. Bidder (Manufacturer/CNF) have to submit Steel used in the manufacturing of utensil should be of BIS grade 6911:2017 (Grade X10cr18Mn9Ni5 of IS: 6911:2017) & IS 14756:2024. Certificate of material should be enclosed.
9. Bidder (Manufacturer/CNF) have to submit test report of each and every item tested by NABL/BIS Lab.
10. Bidder have to submit manufacturing license. In case of bidder is not manufacturer they have to submit manufacturer authorization certificate.
11. Every Bidder (Manufacturer/CNF) have to quote price of each & every item.
12. For any query or clarification, you may Contact Executive Engineer, DW&S Division, Ranchi West, Jharkhand.

Executive Engineer,
D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi.

PR.NO.383674 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, KHUNTI**
Email – eercdkhunti-jhr@nic.in
**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**
Quotation Ref. No.- RCD/KHUNTI-285/2026-27. Dated-01/07/2026

The Executive Engineer, RCD, Road Division, Khunti invites sealed quotation from experienced and resourceful vendors/firms for :-
(1). Item of for Quotation require :-

| Sl. No. | Item | Unit | Rate (Quoted by Quotationer) |
|---|---|---|---|
| (i) | Mixing and pouring **La Struc Rep MC 60** by mixing 10mm down aggregate @25% by the weight of Micro-concrete and water as per datasheet by slow speed stirrer. The rate to include material, labour tools & tackles all complete | Cum | |
| (ii) | Anti Carbonation protective coating Protective Coating : Apply single coat Laprime coat followed by two coats of LagreencoteAC on entire deck slab , Girder, Pier etc. (Silicone based with Anti carbonation Property | Sqm | |

| | | |
|---|---|---|
| (2). | Last date & time for submission of Quotation | 10.07.2026 up to 3:00 PM Deposit in the Office of Executive Engineer, RCD, Road Division, Khunti |
| (3). | Date, time and place for opening quotation | 10.07.2026 up to 3:30 PM Office of Executive Engineer, RCD, Road Division, Khunti |
| (4). | For clarification, Work Details with Eligibility criteria contact | Office of Executive Engineer, RCD, Road Division, Khunti Email – eercdkhunti-jhr@nic.in |

1. Interested party/firm should quote their rates along their past experience/credentials in their own letter head along with other documents which will be received by Office of Executive Engineer, RCD, Road Division, Khunti, on **Dt. 10.07.2026** up to 3:00 PM. Quotation sent by post will not be accepted.
2. Submitted quotation will be open at 3:30 PM in the presence of authorized representatives of the concerned companies/contractor.
3. The list of other documents required for submission along with duly filed quotation are PAN Card & GST.
4. Right to reject any or all offers without assigning any reason thereof is reserved.
5. Rate quoted should be excluding GST & Labour Cess.
6. For further details and clarification contact, the office of undersigned.

Executive Engineer,
RCD, Road Division, Khunti

PR 383733 Road(26-27)D

# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम सभाएं?

भारतीय लोकतंत्र का जमीनी आधार और भारत की आत्मा गांवों में बसती है, उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा 'ग्राम सभा' में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को 'संख्या-केंद्रित' से 'परिणाम-केंद्रित' बनाने का सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है। दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक और साक्ष्य आधारित दस्तावेज है। खास बात है कि इस अध्ययन का दायरा और सांख्यिकी के हिसाब से भारत के ग्रामीण नीति-निर्माण के इतिहास में सबसे व्यापक और विशाल क्षेत्र आधारित आकलनों में से एक है। देश की ग्राम सभाओं को लेकर यह राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट भारत के ग्रामीण स्वशासन के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएँ अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक में शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा। पंचायती राज मंत्रालय और नीति आयोग का यह संयुक्त प्रयास साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से देश की जमीनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को एक नई ऊर्जा, समावेशन और शक्ति प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस दिशा में मोदी सरकार देश के हर नागरिक को सशक्त बनाने और नीतियों के केंद्र में 'नागरिक' को रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राम सभा को जमीनी लोकतंत्र की सबसे सच्ची अभिव्यक्ति करार देकर ग्रामीण ढांचागत और संस्थागत व्यवस्था की नींव को मजबूती देने की पहल की है। इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता और इसकी साक्ष्य आधारित प्रकृति को समझने के लिए इसके सांख्यिकीय दायरे को समझना आवश्यक है। इस रिपोर्ट में संस्थान के सह-अध्यापक डॉ. अंजन कुमार भांजा द्वारा प्रस्तुत किए गए निष्कर्षों पर गौर किया जाए तो यह देश के सबसे बड़े क्षेत्र-आधारित अध्ययनों में से एक है। इस शोध के दायरे में देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 213 जिलों को शामिल किया गया। टीम ने लगभग 400 ग्राम पंचायतों (जिनमें पेसा 'ढएरअ' क्षेत्र और महिला-हितैषी पंचायतें भी शामिल हैं) का दौरा कर 7,800 उत्तरदाताओं से सीधा संवाद किया, जिसके बाद यह साक्ष्य आधारित द्वि-खंडीय रिपोर्ट तैयार की गई। इसमें 10 राज्यों की उन 'बेस्ट प्रैक्टिसेज' (सर्वोत्तम प्रयोगों) को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अपने यहाँ भागीदारी बढ़ाने में सफलता पाई है। है। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

# दिल्ली: वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती

**ललित गर्ग**

राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है- भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा।

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है।

ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा।

समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं और करोड़ों रुपये की आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषण बच्चों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका कहीं अधिक गंभीर मूल्य चुकाना पड़ेगा।

दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम स्वागतयोग्य हैं और उनसे सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है, किंतु यह तभी संभव होगा जब केंद्र, राज्य, स्थानीय निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और नागरिक समाज मिलकर समन्वित प्रयास करें। प्रदूषण किसी एक सरकार, एक मौसम या एक कारण की समस्या नहीं है। यह हमारे विकास मॉडल, जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण का परिणाम है। आज आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति और सामूहिक उत्तरदायित्व की है। यदि हम स्वच्छ हवा चाहते हैं तो केवल प्रदूषण कम करने की योजनाएँ नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित विकास की नई संस्कृति विकसित करनी होगी। अन्यथा ओजोन जैसी अदृश्य गैसें हमारे शहरों को धीरे-धीरे बीमार करती रहेंगी और विकास का यह मॉडल स्वयं मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ा संकट बन जाएगा।

# मराठा सैन्य परिदृश्य बने भारत के 44वें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

मानव सभ्यता का इतिहास केवल पुस्तकों और अभिलेखों में ही नहीं, बल्कि उन स्मारकों, नगरों, मंदिरों, किलों, प्राकृतिक वनों, पर्वतों, गुफाओं और सांस्कृतिक परंपराओं में भी जीवित रहता है, जिन्हें पीढ़ियों ने अपने श्रम, ज्ञान और विश्वास से निर्मित किया है। यही धरोहरें किसी राष्ट्र की पहचान, संस्कृति और ऐतिहासिक चेतना का आधार बनती हैं। इन धरोहरों का संरक्षण केवल किसी एक देश का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का दायित्व है। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को के अंतर्गत कार्यरत विश्व धरोहर समिति समय-समय पर विश्व के उन स्थलों को "विश्व धरोहर स्थल" का दर्जा प्रदान करती है, जो असाधारण सार्वभौमिक महत्व रखते हैं। विश्व धरोहर सूची में शामिल होना किसी भी देश के लिए गौरव का विषय होता है। यह सम्मान न केवल उस स्थल की वैश्विक पहचान बढ़ाता है, बल्कि उसके संरक्षण, अनुसंधान, पर्यटन और स्थानीय विकास के नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। हाल के वर्षों में विश्व धरोहर समिति द्वारा अनेक नए स्थलों को इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है, जिससे मानव सभ्यता की विविधता और प्राकृतिक समृद्धि को सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

विश्व धरोहर समिति यूनेस्को के अंतर्गत गठित एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है, जिसकी स्थापना 1972 में अपनाए गए "विश्व सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर संरक्षण अभिसमय" के अंतर्गत की गई थी। इस समिति में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं, जो विशेषज्ञों की रिपोर्ट और निर्धारित मानकों के आधार पर यह निर्णय लेते हैं कि कौन-सा स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल होने योग्य है।समिति की वार्षिक बैठक में विभिन्न देशों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। यदि कोई स्थल निर्धारित मानकों को पूरा करता है, तो उसे विश्व धरोहर का दर्जा प्रदान किया जाता है। यूनेस्को ने विश्व धरोहर सूची में शामिल होने के लिए दस प्रमुख मानदंड निर्धारित किए हैं। इनमें सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, स्थापत्य, कलात्मक, वैज्ञानिक और प्राकृतिक महत्व को विशेष रूप से देखा जाता है। किसी स्थल का मानव रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण होना, किसी सभ्यता का अनूठा साक्ष्य प्रस्तुत करना, स्थापत्य कला की उत्कृष्ट मिसाल होना, जैव विविधता का संरक्षण करना अथवा दुर्लभ प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होना जैसे गुण उसे विश्व धरोहर बनने की पात्रता प्रदान करते हैं। विश्व धरोहर सूची में शामिल होने के बाद किसी स्थल की अंतरराष्ट्रीय पहचान कई गुना बढ़ जाती है। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं तथा सरकारों को संरक्षण कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी सहायता प्राप्त होती है। विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद उस स्थल के संरक्षण के लिए विशेष योजनाएँ बनाई जाती हैं। अवैध निर्माण, अतिक्रमण, प्रदूषण तथा प्राकृतिक क्षति से बचाने के लिए कठोर उपाय किए जाते हैं। सांस्कृतिक धरोहरें किसी राष्ट्र की आत्मा होती हैं। वे हमें अपने अतीत से जोड़ती हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से परिचित कराती हैं। यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया तो मानव इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय सदा के लिए समाप्त हो सकता है।भारत जैसे प्राचीन सभ्यता वाले देश में हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत मौजूद है। मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे, किले, महल, बावड़ियाँ, प्राचीन नगर और पुरातात्विक स्थल हमारी गौरवशाली परंपरा का प्रतीक हैं। प्राकृतिक धरोहरों में राष्ट्रीय उद्यान, वन, पर्वत, नदियाँ, झीलें, द्वीप और जैव विविधता वाले क्षेत्र शामिल होते हैं। ये केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन के आधार हैं।

आज जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, प्रदूषण तथा अनियंत्रित शहरीकरण के कारण प्राकृतिक धरोहरों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में उनका संरक्षण पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है।

भारत विश्व की सबसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले देशों में से एक है। देश के अनेक स्मारक और प्राकृतिक स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं। इनमें ताजमहल, आगरा किला, कुतुब मीनार, लाल किला, अजंता एवं एलोरा की गुफाएं, खजुराहो समूह के मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, हम्पी, महाबोधि मंदिर, राजस्थान के पहाड़ी किले, रानी की वाव, विक्टोरियन गोथिक एवं आर्ट डेको भवन, जयपुर शहर, धोलावीरा तथा शांतिनिकेतन जैसे स्थल प्रमुख हैं।

प्राकृतिक धरोहरों में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस राष्ट्रीय उद्यान, नंदा देवी एवं फूलों की घाटी, सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट और ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शामिल हैं। विश्व धरोहर का दर्जा मिलने से किसी स्थल की वैश्विक पहचान बढ़ती है। विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होती है जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। होटल, परिवहन, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद तथा पर्यटन आधारित उद्योगों को नया बाजार मिलता है।

इसके अतिरिक्त स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। संरक्षण कार्यों में विशेषज्ञों की भागीदारी बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध एवं सहयोग को प्रोत्साहन मिलता है।

मानव सभ्यता की हजारों वर्षों की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में पेरिस में आयोजित यूनेस्को की 47वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में भारत को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई, जब "मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स ऑफ इंडिया" को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। इसके साथ ही भारत के विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 44 हो गई। यह केवल भारत के लिए सम्मान का विषय नहीं है, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज और मराठा साम्राज्य की अद्वितीय सैन्य रणनीति, दुर्ग स्थापत्य और प्रशासनिक दूरदर्शिता को विश्व स्तर पर मिली स्वीकृति भी है। विश्व धरोहर समिति ने इन दुर्गों को यूनेस्को के मानदंड (iv) और (vi) के अंतर्गत सूचीबद्ध किया, जो उनकी स्थापत्य उत्कृष्टता तथा ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्ता को प्रमाणित करता है। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स ऑफ इंडिया' में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुल 12 ऐतिहासिक दुर्ग शामिल हैं। इनमें रायगढ़, राजगढ़, शिवनेरी, प्रतापगढ़, पन्हाला, सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, साल्हेर, लोहगढ़, खांदेरी तथा तमिलनाडु का जिंजी (गिंजी) दुर्ग प्रमुख हैं। इन दुर्गों का निर्माण अथवा विस्तार 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच मराठा शासनकाल में हुआ और इन्होंने भारत के सैन्य इतिहास में निर्णायक भूमिका निभाई।विश्व धरोहर समिति ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि यह दुर्ग-श्रृंखला पर्वतीय, समुद्री और तटीय भूगोल का अत्यंत प्रभावशाली सैन्य उपयोग प्रस्तुत करती है तथा मराठा साम्राज्य की रक्षा प्रणाली का अद्वितीय उदाहरण है।

विश्व धरोहर स्थलों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं। बढ़ता शहरीकरण, अतिक्रमण, प्रदूषण, अनियंत्रित पर्यटन, प्राकृतिक आपदाएँ और जलवायु परिवर्तन इनके अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। कई बार पर्यटकों की लापरवाही, दीवारों पर लिखावट, प्लास्टिक कचरा तथा अवैध निर्माण भी धरोहरों को नुकसान पहुँचाते हैं। इसलिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इन स्थलों की गरिमा बनाए रखे। किसी भी धरोहर का संरक्षण तब तक संभव नहीं है जब तक स्थानीय समुदाय उसकी जिम्मेदारी महसूस न करे। ग्रामीणों, स्वयंसेवी संगठनों, विद्यार्थियों और स्थानीय प्रशासन को मिलकर संरक्षण अभियान चलाना चाहिए।

स्कूलों और महाविद्यालयों में धरोहर संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति संवेदनशील बने।पर्यटन आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन अत्यधिक पर्यटन कई बार धरोहरों के लिए नुकसानदेह भी सिद्ध होता है। इसलिए "सतत पर्यटन" की अवधारणा को अपनाना आवश्यक है। पर्यटकों की संख्या का उचित प्रबंधन, पर्यावरण-अनुकूल सुविधाएँ, प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा स्थानीय संस्कृति का सम्मान–ये सभी उपाय धरोहरों की सुरक्षा में सहायक हो सकते हैंडिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, त्रि-आयामी स्कैनिंग और डिजिटल अभिलेखन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग धरोहर संरक्षण में तेजी से बढ़ रहा है। इससे स्मारकों का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जा सकता है और प्राकृतिक आपदा या क्षति की स्थिति में उनके पुनर्स्थापन में सहायता मिलती है। भारत को भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण में आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग करना चाहिए।

विश्व धरोहर स्थल केवल किसी देश की संपत्ति नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की साझी विरासत हैं।

## सूडोकु नवताल- 7843

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7842 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# ड्रग्स माफिया पर त्री-स्तरीय वार : पहचान, प्रहार और पूर्ण सफाया

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार हो सकता है, जब देश की युवा शक्ति सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पादक बनी रहे। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने अब नशे के खिलाफ लड़ाई को केवल कानून-व्यवस्था का विषय न मानकर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा का अभियान बना दिया है। इसी सोच के साथ जारी "मादक पदार्थ नियंत्रण विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029" यह संकेत देता है कि अब कार्रवाई का लक्ष्य पूरे नार्को इकोसिस्टम को जड़ से खत्म करना है।

पिछले कुछ वर्षों में यह साफ हुआ है कि ड्रग्स कारोबार के तार आतंकवाद, हवाला, संगठित अपराध, सीमा पार तस्करी और डिजिटल अपराधों से जुड़ चुके हैं। ऐसे में यदि कार्रवाई केवल छोटे तस्करों तक सीमित रहे तो समस्या का समाधान संभव नहीं है। सरकार ने इसी कमजोरी को पहचानते हुए अब "डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय" का नया मंत्र दिया है। मोदी सरकार की यह कार्यप्रणाली बताती है कि पहले पूरे नेटवर्क की पहचान होगी, फिर उसकी सप्लाई चेन और वित्तीय तंत्र को तोड़ा जाएगा और अंततः पूरे कार्टेल का स्थायी खात्मा किया जाएगा।

इस नई नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अपराधियों के साथ-साथ उनके आर्थिक ढांचे को भी निशाना बनाया गया है। वस्तुतः अब केवल मादक पदार्थ जब्त कर लेना पर्याप्त नहीं माना जाएगा। हवाला नेटवर्क, क्रिप्टो करेंसी के जरिए होने वाले लेन-देन, डार्कनेट पर संचालित कारोबार, बैंक खातों और अवैध संपत्तियों तक कार्रवाई का दायरा बढ़ाया गया है। स्पष्ट है कि सरकार ड्रग्स माफिया की आर्थिक रीढ़ तोड़कर इस कारोबार को असंभव बनाना चाहती है।

आज ड्रग्स तस्करी का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। ड्रोन के माध्यम से सीमा पार खेप पहुंचाना, समुद्री मार्गों का इस्तेमाल, कंटेनर तस्करी, ऑनलाइन नेटवर्क और डार्क वेब के जरिए अवैध व्यापार जैसी चुनौतियां पारंपरिक पुलिस व्यवस्था से नहीं सुलझ सकतीं, इसलिए विजन डॉक्यूमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल टाइम डेटा शेयरिंग, तकनीकी खुफिया तंत्र, अपराध मानचित्रण और आधुनिक निगरानी प्रणाली को विशेष महत्व दिया गया है। यह बदलाव बताता है कि सरकार अब अपराधियों से एक कदम आगे रहने की रणनीति पर काम कर रही है।

इस अभियान की एक और उल्लेखनीय विशेषता ध्यान में आई है, वह यह है कि इसमें केवल सख्ती नहीं, संवेदनशीलता भी दिखाई देती है। फिर गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट भी कर दिया है, ड्रग्स माफिया के खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह कठोर होगी, किंतु नशे की लत के शिकार युवाओं को अपराधी न मानकर उन्हें पीड़ित मनकर उनके पुनर्वास पर बराबर ध्यान दिया जाएगा। यह संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक भी है क्योंकि नशे के खिलाफ स्थायी सफलता गिरफ्तारी से अधिक समाज को नशामुक्त बनाने से मिलेगी।

कहना होगा कि सरकार की चार स्तंभों वाली कार्ययोजना इसी व्यापक सोच को दशार्ती है। प्रभावी प्रवर्तन, सिंथेटिक ड्रग्स और रसायनों पर नियंत्रण, नशे की मांग कम करना तथा पुनर्वास और संस्थागत क्षमता निर्माण, इन सभी पहलुओं को समान महत्व दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार समस्या के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पक्ष पर भी काम करना चाहती है। राज्यों की भूमिका को लेकर भी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई केवल केंद्र सरकार नहीं जीत सकती। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अधिक संसाधन, एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, मजबूत चार्जशीट और जवाबदेह व्यवस्था पर जोर बताता है कि अब परिणाम आधारित कार्य संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि राज्यों में यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है तो ड्रग्स नेटवर्क पर लगातार दबाव बनाए रखना संभव होगा।


विशेष एनडीपीएस अदालतों के गठन पर दिया गया जोर भी स्वागतयोग्य है। अक्सर वर्षों तक मुकदमे लंबित रहने से अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यदि जांच के साथ त्वरित सुनवाई और शीघ्र सजा सुनिश्चित होती है तो इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी व्यापक होगा और ड्रग्स कारोबार में शामिल लोगों के लिए कानून का डर बढ़ेगा। सरकार ने सीमाओं से लेकर गांवों तक निगरानी मजबूत करने की जो योजना बनाई है, वह भी महत्वपूर्ण है। सीमावर्ती गांव, बंदरगाह, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील जिलों में तकनीकी निगरानी तथा कम्युनिटी पुलिसिंग का विस्तार इस बात का संकेत है कि अब तस्करी के हर संभावित मार्ग पर नजर रखी जाएगी। साथ ही अवैध अफीम और अन्य मादक फसलों की खेती के खिलाफ बढ़ती कार्रवाई यह दशार्ती है कि सरकार उत्पादन के स्रोत पर भी समान सख्ती बरत रही है।

ड्रग्स के खिलाफ समाज की भागीदारी को अभियान का आधार बनाना भी दूरदर्शी कदम है। माता-पिता, शिक्षक, शिक्षण संस्थान, युवा संगठन और सामाजिक संस्थाएं यदि इस लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाते हैं तो नशे की मांग स्वतः घटेगी। आखिर किसी भी अवैध कारोबार का सबसे बड़ा आधार उसकी मांग होती है। जब समाज ही नशे के प्रति जागरूक होगा तो तस्करी के नेटवर्क भी कमजोर पड़ेंगे।

इस संबंध में पिछले वर्षों के आंकड़े भी बताते हैं कि कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ा है। रिकॉर्ड मात्रा में मादक पदार्थों की जब्ती, लाखों मामलों का पंजीकरण, बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां, अवैध खेती का विनाश और हजारों करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स का नष्ट किया जाना यह संकेत देता है कि सरकार ने इस चुनौती को प्राथमिकता दी है।

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.26 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.42 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 10.54 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.05 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 15.19 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.35 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.40 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.00 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मेष | 00.30 बजे से |
| | | वृष | 02.10 बजे से |
| | | मिथुन | 04.08 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 183 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 09.38 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 09.28 बजे को समाप्त।
**योग** वैधृति 16.40 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.38 बजे तदनन्तर वणिज 22.32 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 03'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872758
**जूलियन दिन** 2461223.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र में सात विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को करीब 52.04 लाख रुपये की लागत वाली सात विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो. मारूफ उर्फ गुड्डू , कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन एवं वार्ड पार्षदों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर योजनाओं का शुभारंभ किया। वार्ड संख्या छह में समसानघाट स्थित सार्वजनिक



शौचालय के जीर्णोद्धार पर 8.19 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड चार में एनएच-80 से जयदेव दत्ता के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण के लिए 4.80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड एक में एनएच-80 हाउस ऑफ आजाद से छोटी मस्जिद तक पीसीसी सड़क का निर्माण 2.44 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड दस में एमडी अजहरुद्दीन से विषहरी स्थान एवं यूसुफ शेख के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण पर 8.48 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड 13 में जमाल शेख के घर से कुतुबुद्दीन के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क का निर्माण 9.96 लाख रुपये से कराया जाएगा। वार्ड चार में मटाहर शेख के घर से विभिन्न स्थानों तक पेवर ब्लॉक एवं पीसीसी सड़क निर्माण पर 8.21 लाख रुपये तथा वार्ड पांच में एनएच-80 से मैना तालाब तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण पर 9.93 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। कार्यक्रम में विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चयनित विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद सन्नी साह, राजकुमार मंडल, उज्ज्वल हालदार, अनीता बसाक, गीता बर्मन, आलोक राय, मो. बरकत, मो. अयूब सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### आर्म्स एक्ट व खदान आगजनी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट तथा सीटीएस खदान में आगजनी कर पोकलेन मशीन और हाइवा जलाने के पुराने मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी फागु साव को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मिजाचौकी थाना में आर्म्स एक्ट सहित सीटीएस खदान में आगजनी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है तथा शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### करमटोला के पहाड़ी क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटा चालक की मौत



**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत करमटोला रेलवे स्टेशन के दक्षिण स्थित पहाड़ी क्षेत्र में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय बल्लू खान, पिता मोहम्मद बशीर खान, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, चालक ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। इसी दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मिजाचौकी थाना के एएसआई पवन कुमार एवं जैकब बेसरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

### शिक्षक-अभिभावक बैठक को लेकर जागरूकता रथ रवाना

**खूंटी** : जिले में 29 जून से 04 जुलाई तक आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक को सफल बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों और सरकारी विद्यालयों का भ्रमण कर अभिभावकों को पीटीएम में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शिक्षण परिणाम सुनिश्चित करने में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और अभिभावकों के बीच नियमित संवाद से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार और पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों की समय पर पहचान और समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों के विद्यालय पहुंचकर शिक्षक-अभिभावक बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की। जागरूकता रथ के माध्यम से अभिभावकों को पीटीएम के उद्देश्य, बच्चों की नियमित उपस्थिति, लर्निंग गैप को कम करने, विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## ममता वाहन नहीं मिलने पर नवजात की मौत का आरोप, सीएस ने दिए जांच के आदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के लाराघुटू गांव में बुधवार को जन्म के कुछ देर बाद ही एक नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि समय पर ममता वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण नवजात को इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाया जा सका, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन ने जांच के आदेश दिए हैं। मृत नवजात के पिता मुंशी सोरेन ने बताया कि उनकी पत्नी मुन्नी मुर्मू ने बुधवार सुबह घर पर बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट ले जाने के लिए सहिया साथी फुलिन मरांडी से ममता वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। सहिया साथी फुलिन मरांडी ने बताया कि उन्होंने तत्काल ममता वाहन चालक हरेंद्र से संपर्क किया, लेकिन उन्हें जानकारी दी गई



कि हड़ताल के कारण सभी ममता वाहन उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद परिजनों को निजी वाहन की व्यवस्था कर अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि, निजी वाहन की व्यवस्था होने से पहले ही नवजात ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय पर ममता वाहन उपलब्ध हो जाता, तो नवजात को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती थी। इधर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि ममता वाहन उपलब्ध नहीं होने और नवजात की मौत के मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में ड्राइविंग लाइसेंस विशेष अभियान का शुभारंभ पहले दिन 32 आवेदकों को मिला लर्निंग लाइसेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन, माननीय परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ के निर्देश तथा उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित तिथियों के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित एवं नियमबद्ध यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इसी क्रम में आज बुधवार, 01 जुलाई 2026 को सदर प्रखंड मुख्यालय में अभियान के प्रथम चरण के तहत नवसिखुवा चालक अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरकार की इस





जनहितकारी पहल का लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया, उप प्रमुख हैदर अहमद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के प्रथम दिन लगभग 60 इच्छुक आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन एवं निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 32 पात्र आवेदकों को उसी दिन नवसिखुवा चालक अनुज्ञप्ति जारी कर दिया गया। शेष आवेदनों का निष्पादन प्रक्रिया के अनुरूप किया जा रहा है। यह दो दिवसीय विशेष शिविर है। दूसरे दिन भी इच्छुक नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने वाले पात्र आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह विशेष अभियान जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नियमसम्मत वाहन संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## हाइवा-टोटो की टक्कर में मौके पर दो की मौत इलाज के दौरान टोटो चालक की मौत, तीन गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राजमहल मुख्य मार्ग पर जामनगर के पास फोर लेन पर मंगलवार की देर रात हाइवा के चपेट में टोटो आने से उसमें सवार दो व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाकी चार घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया था। इसी बीच टोटो चालक प्यार पूर निवासी अबू कलाम (46) को पश्चिम बंगाल से मालदा एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था। जहां उन्होंने रात 1:45 बजे दम तोड़ दिया। बाकी तीन अन्य घायलों का भी स्थिति नाजुक बताई जा रही है सभी का इलाज चल रहा है। इधर राधानगर थाना क्षेत्र के बालू टोला,



चुवार निवासी एईसुद्दीन शेख (56), नूआहार बीवी (52) दोनों पति-पत्नी की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। पुलिस रात में ही शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रख दिया गया था। जहां बुधवार को डॉक्टर के द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में दोनों शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस हृदय विदारक घटना से पूरे परिजन एवं गांव वाले का रो रो कर बुरा हाल है। लगातार क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक, हाइवा और टोटो, ऑटो चालकों का इस कदर मनमानी है कि की भीड़भाड़ इलाके में भी काफी तेज रफ्तार से गुजरते हैं साथ ही कहने पर भी कुछ नहीं सुनते हैं और प्रशासन के द्वारा अब तक इस विषय पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि शहर के बीचो-बीच जिस तरह से नियम कानून को ताक में रखकर वाहनों का परिचालन हो रहा है और शहर में किसी भी समय के लिए नो एंट्री नहीं है। चाहे वह ऑफिस टाइम हो या स्कूल टाइम। आए दिन बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े वाहनों के परिचालन मनमानी ढंग से किए जाने के संबंध में कुछ बोलने या शिकायत करने पर चुप्पी साध लेते हैं।

## मालदा मंडल रेल प्रबंध ने रेलवे स्टेशन व पूर्व रेलवे हाई स्कूल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने मंगलवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन एवं रेलवे उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे के कई अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। डीआरएम ने रेलवे उच्च विद्यालय का भ्रमण कर निमार्णाधीन गटर, सभी कक्षाओं, पुस्तकालय कक्ष तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले इस विद्यालय में केवल बालकों की पढ़ाई होती थी, लेकिन अब बालिकाओं का भी नामांकन एवं अध्ययन शुरू हो गया है, जो सराहनीय पहल है। इसके बाद उन्होंने साहिबगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं विकास



कार्यों की समीक्षा की। डीआरएम ने बताया कि आगामी श्रावणी मेला को देखते हुए साहिबगंज से विशेष ट्रेन चलाने पर विचार किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही आरओबी का निर्माण कार्य शुरू होगा। साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर निमार्णाधीन फुट ओवर ब्रिज का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार और रेलवे अवसंरचना का विकास प्राथमिकता है तथा सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## बूथ सशक्तिकरण पर भाजपा का जोर, शक्ति केंद्र बैठक में संगठन विस्तार की बनी रणनीति

▸ डिजिटल लर्निंग, 'मन की बात' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा पाकुड़ नगर मंडल के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 425, 426 एवं 427 के सेठ हिरदुमल पब्लिक स्कूल शक्ति केंद्र की बैठक रेलवे कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में शक्ति केंद्र संयोजक सुशील साहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी



कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण, डिजिटल लर्निंग, सदस्य संपर्क अभियान तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इस शक्ति केंद्र के अंतर्गत तीन बूथ आते हैं और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय बूथ समिति ही संगठन की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के निर्देशों का अनुशासन एवं समर्पण के साथ पालन करते हुए जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-आंदोलन बनाने की अपील की। साथ ही कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को नियमित रूप से सुनने तथा सरल ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया। बैठक में भाजपा के जिला प्रभारी निवास मंडल, नगर मंडल अध्यक्ष सोहन मंडल, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पा साहा, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, पूर्व जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय सहित शक्ति केंद्र के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाकुड़ :** ज़िले में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित "विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026" के अंतर्गत किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, विशेष कार्य पदाधिकारी अमित कुमार एवं जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने कहा कि यह अभियान किसानों तक कृषि, पशुपालन एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि अगले 15 दिनों तक डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान किसान संगोष्ठियों एवं जन- जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, कृषि यंत्रीकरण, बागवानी, पशुपालन, डेयरी विकास तथा अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, आवेदन संबंधी जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन तथा कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर भी मिलेगा। इससे अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं से जुड़कर आधुनिक खेती अपनाने तथा अपनी आय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित होंगे। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कृषि कर्मियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके।

### विधायक के नेतृत्व में तीनपहाड़ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मालदा डीआरएम से की मुलाकात



**साहिबगंज:** जिले के तीनपहाड़ क्षेत्र की लंबित रेल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राजमहल के विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के नेतृत्व में मालदा मंडल के डीआरएम से की मुलाकात। प्रतिनिधिमंडल ने मालदा मंडल के डीआरएम मनीष गुप्ता से मुलाकात कर तीनपहाड़ अंडरपास पुल सहित क्षेत्र की विभिन्न रेल संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान विधायक ने कहा कि तीनपहाड़ क्षेत्र के लोगों को वर्षों से रेल सुविधाओं के अभाव और अंडरपास की समस्या के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीआरएम से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी तीनपहाड़ अंडरपास पुल के निर्माण, प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा अन्य रेल संबंधी मांगों से डीआरएम को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। डीआरएम मनीष गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित थे।

### महाराजपुर एनएचआई ओवरब्रिज का उद्घाटन आवागमन हुआ शुरू



**साहिबगंज :** महाराजपुर स्थित एनएचआई ओवरब्रिज का उद्घाटन आज प्रोजेक्ट मैनेजर अवधेश सिंह, महेश कुमार सिंह, मैकेनिकल इंजीनियर आशिष सिन्हा, सेफ्टी प्रभारी छाया जी, हाइवे इंजीनियर अरविंद उपाध्याय एवं मोना सिंह हिन्दू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उद्घाटन के उपरांत संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्टाफ के सहयोग से पुल पर वाहनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ओवरब्रिज के एक हिस्से को आम जनता के लिए खोल दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। वहीं, पुल के दूसरे हिस्से का निर्माण कार्य अभी जारी है, जिसे पूरा होने में लगभग डेढ़ से दो माह का समय लग सकता है। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही उस हिस्से को भी आम जनता के लिए चालू कर दिया जाएगा।स्थानीय लोगों ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए संबंधित विभाग, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। लोगों का मानना है कि ओवरब्रिज के शुरू होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा यातायात की समस्याओं का समाधान होगा।

### सुब्रतो कप अंडर-17 फुटबॉल: आरके प्लस +2 हाई स्कूल आमड़ापाड़ा बना प्रखंड चैंपियन



**आमड़ापाड़ा:** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में आरके प्लस-2 हाई स्कूल, आमड़ापाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मॉडल स्कूल, आमड़ापाड़ा को रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित कर प्रखंड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही, जिसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। इसमें आरके प्लस +2 हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम और कौशल का परिचय देते हुए जीत अपने नाम की। टीम की इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार टुडू एवं हिरोशील हांसदा का विशेष योगदान रहा। दोनों शिक्षकों ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कराते हुए तकनीकी एवं मानसिक रूप से तैयार किया, जिसका परिणाम टीम की शानदार जीत के रूप में सामने आया। जीत पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य चंदन कुमार ने खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि "खेल में सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से मिलती है। हमारे खिलाड़ियों ने अंतिम क्षण तक संघर्ष किया और अपनी मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त किया।

# ऑपरेशन नारकोस : बोकारो स्टेशन पर 14.364 किलोग्राम गांजा बरामद, कीमत 7.18 लाख रुपये

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ऑपरेशन नारकोस के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट बोकारो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोकारो रेलवे स्टेशन से 14.364 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 7.18 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में कोई आरोपी सामने नहीं आया, क्योंकि बरामद बैग लावारिस अवस्था में मिले।




### तलाशी अभियान के दौरान मिली सफलता

30 जून को आरपीएफ पोस्ट बोकारो की टीम ने सीआईबी/आद्रा के अधिकारियों के साथ ट्रेन संख्या 13352 अलेप्पी एक्सप्रेस में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। ट्रेन के बोकारो स्टेशन पहुंचने पर आगे वाले जनरल (जीएस) कोच के सामान रखने वाले रैक पर दो संदिग्ध बैग मिले।

टीम ने कोच में मौजूद यात्रियों से बैग के संबंध में पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी उन पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद बैगों को प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित नए जीआरपी कार्यालय के पास लाकर जांच की गई।

### छह पैकेट में मिला गांजा

जांच के दौरान दोनों बैगों से भूरे रंग के टेप से लिपटे छह पैकेट बरामद हुए। एक पैकेट खोलकर जांच करने पर उसमें गांजा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की गई।

बरामद गांजे का कुल वजन 14.364 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 7,18,200 रुपये है।

### जीआरपी को सौंपा गया मामला

जब्त मादक पदार्थ को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी बोकारो को सौंप दिया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना बोकारो में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(बी)(८)(बी) के तहत कांड संख्या 15/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट बोकारो के एएसआई डी.के. द्विवेदी, हेड कांस्टेबल मंटू कुमार, हेड कांस्टेबल धनजी सिंह, हेड कांस्टेबल ए.के. सिंह तथा सीआईबी/आद्रा की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### एक दिवसीय मोबाइल पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित



**चास :** विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जागृत करने, नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने तथा ज्ञान के व्यापक संसार से परिचित कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास बोकारो में आज 1 जुलाई 2026 (बुधवार) को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (नेशनल बुक ट्रस्ट-एनबीटी) द्वारा एक दिवसीय मोबाइल पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में स्कूल समय के दौरान आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और रचनात्मकता का अनूठा केंद्र बनी। इस प्रदर्शनी में बच्चों, किशोरों एवं शिक्षकों की रुचि और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिंदी, अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की सैकड़ों उत्कृष्ट पुस्तकें उपलब्ध थीं। इनमें बाल साहित्य, प्रेरक जीवनियाँ, विज्ञान, पर्यावरण, इतिहास, भारतीय संस्कृति, साहित्य, सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, भाषा कौशल, नैतिक शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रकाशन की पुस्तकें शामिल थीं। आदत ही बच्चों को जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है।

### नौ साल के बच्चे को पिकअप ने घसीटा

**बोकारो :** देर रात को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नौ साल का बच्चा अंकुर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के जगरनाथ मंदिर के पास स्थित मैरेज हॉल के बाहर हुई। परिजनों के अनुसार, एक पिकअप वैन बच्चे को टक्कर मारते हुए उसे वाहन के नीचे फंसा कर लगभग 5 किलोमीटर तक घसीटते हुए हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 स्थित सिवान मोड़ तक ले गई।

### चंद्रपुरा में आग से दो दुकानें जलकर राख, 15- 20 लाख का नुकसान

**बोकारो (बेरमो) :** चंद्रपुरा स्टेशन रोड पर शुक्रवार तड़के आधी रात के बाद अचानक लगी भीषण आग में एक ही व्यापारी की दो दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। घटना में पूजा सामग्री और जूता-चप्पल के भारी स्टॉक सहित करीब 15 से 20 लाख रुपये के सामान की आवाजाही घनभवन हुई है। स्थानीय निवासी और दुकान के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि रात को दुकानें बंद कर व्यापारी घर चला गया था। इसके कुछ देर बाद ही दुकानों से तेज लपटें उठने लगीं। पहले स्थानीय लोग और आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन आग की तेजी इतनी बढ़ गई कि दमकल की गाड़ी के पहुँचने से पहले दोनों दुकानें अपनी चपेट में आ चुकी थीं। घायल या जानमाल के होने की कोई खबर नहीं है। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## चास नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

# महापौर व उपमहापौर ने किया स्थलीय निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास :** चास नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान के तहत महापौर श्री भोलू पासवान एवं उपमहापौर श्रीमती पूजा कुमारी ने निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्रवाई आम नागरिकों की सुविधा, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा सड़क पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए की गई।



निरीक्षण के दौरान सुभाष चौक से भलोटिया गली तक वन-वे यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे शहर में जाम की समस्या को कम किया जा सके।

उपमहापौर पूजा कुमारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि चास चेक पोस्ट से भलोटिया गली तक नो-पार्किंग लागू कर यातायात को वन-वे किया जाना आवश्यक है। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसी मार्ग पर एक अस्पताल भी स्थित है, जहां जाम के कारण एंबुलेंस को समय पर आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आम लोगों की सुविधा और आपातकालीन सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

नगर निगम प्रशासन ने बताया कि जिन दुकानदारों को अभियान के दौरान हटाया गया है, उनके लिए निगम द्वारा आगामी दिनों में वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

अभियान के दौरान चास नगर निगम की पूरी टीम मौजूद रही। चेक पोस्ट स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप सड़क किनारे लगी सभी दुकानों को हटाया गया। वहीं सब्जी बाजार के दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि वे नाली की सीमा के पीछे ही अपनी दुकान लगाएं और सड़क पर अतिक्रमण न करें।

इसके अलावा जोधड़ीहमोड़ क्षेत्र के सब्जी विक्रेताओं से भी अपील की गई कि वे सड़क को खाली छोड़ते हुए निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकान लगाएं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो वहां भी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने आम नागरिकों और दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुगम बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

# डीएवी इस्पात विद्यालय सेक्टर 8 इ में वृक्षारोपण अभियान शुरू




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्कूली छात्र एवं छात्राओं में प्रकृति के प्रति लगाओ ,पक्षियों के प्रति करुणा पैदा करने के लिए आज डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 8/बी के परिसर में 500 से अधिक फलदार पेड़ लगाने की पहल के रूप में प्रथम दिन स्कूल प्रबंधन ,अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा 200 से अधिक फलदार पेड़ लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएवी के ए आर ओ श्री एसके मिश्रा डी ए वी इस्पात विद्यालय 9/ई के प्राचार्य सुनील कुमार डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 2 सी की प्राचार्य अनुराधा सिंह डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 8/बी के प्राचार्य अनुपल सागर के अलावा एमएसएमई एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष श्री शशि भूषण और उपाध्यक्ष श्री के के सिंह एम एस आर सी के डायरेक्टर सूरज कुमार जायका फूड प्रोडक्ट्स के रजनी शर्मा के अलावा पौधारोपण कराने वाली कंपनी बोकारो डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड एवं बोकारो स्पिरिट एन एलायड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के पदाधिकारी विशाल शेखावत मौजूद रहे उन्होंने कहा कि कंपनी मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से इस परिसर में एक अति आधुनिक पंछी बसेरा को विकसित करेगी तथा पूरे परिसर को प्राकृतिक रूप से विकसित किया जाएगा .कार्यक्रम के संयोजन प्रशांत कुमार, पूर्णिमा सिंह ,तनु मिश्रा एवं कुमार जीत, दुलाल महतो, एनके वर्मा और कक्षा 9 से कक्षा 11 तक के करीब डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं ने पेड़ लगाने में सहयोग किया।

## एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ओलंपियाड में लहराया सफलता का परचम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय हिंदी ओलंपियाड एवं जीके ओलंपियाड में सफलता का परचम लहराया। स्कूल के प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि अखिल भारतीय हिंदी ओलंपियाड में कक्षा छह की अनन्या एवं फरीहा अरशद ने स्वर्ण एव नेहा ने रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा सातवीं के जय राजवंश, कक्षा आठ की लावण्या भारती व कक्षा नौवीं की रिया कुमारी ने स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं के पीयूष कुमार व अंश कुमार मंडल ने स्वर्ण पदक, रवि प्रकाश ने रजत पदक एवं साक्षी सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में कक्षा छह के अयान महतो ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव जारी है। इसलिए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सकारात्मक काम किया जा रहा है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी विविध प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं। ऐसी उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर निखारने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

उन्होंने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय परिसर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप- बिरंची नारायण

## डॉक्टर्स डे पर रोटरी क्लब चास ने 22 चिकित्सकों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास द्वारा मेडिकेंट हॉस्पिटल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं प्रदान करने वाले 22 चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।




समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि चिकित्सक समाज के लिए भगवान का दूसरा रूप हैं। वे अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण के माध्यम से लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीना नारायण ने कहा कि डॉक्टर का कार्य सैनिक की तरह है। वे हमारी रक्षा में लगे रहते हैं।कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि डॉक्टर्स डे समाज के प्रति चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

आयुर्वैदिक डॉक्टर यशस्विनी के अलावा मेडिकेंट के डॉ पीके नायक, डॉक्टर पी पुष्कर, डॉक्टर राहुल राज,डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर जी शाहा, डॉक्टर शिव शंकर, डॉ जफर इकबाल, डॉक्टर फरहान रोजाना, डॉक्टर पी वर्धन, डॉ आलोक कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ विवेक कुमार, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ चंदन सेठ,डॉ रवि रंजन, डॉ नम्रता सिंह, डॉ श्रवण कुमार के अलावा डॉ संजीव कुमार, डॉ सुमन कुमार, डॉ पुष्पा कुमारी को सम्मानित किया गया

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि डॉक्टरों की निस्वार्थ सेवा और मानवीय संवेदनाएं समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। क्लब के सचिव बिनोद चोपड़ा ने सभी सम्मानित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब आगे भी समाजसेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

कार्यक्रम में सम्मानित चिकित्सकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह में रोटरी क्लब चास के संजय बैद, कुमार अमरदीप विपिन अग्रवाल,बिनय सिंह, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, संजय रस्तोगी, शैल रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल,पूर्वी केजरीवाल, नेहा अग्रवाल, सिद्धार्थ पारख, अशोक तनेजा, अशोक जैन पी ए जकारिया एवं चिकित्सा जगत से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर पांच सीए सम्मानित



**बोकारो :** चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास द्वारा लेखांकन, कर परामर्श एवं वित्तीय पारदर्शिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच चार्टर्ड अकाउंटेंटों को सम्मानित किया गया सीए अमोल लच्छीरामका, सीए राजेंद्र प्रसाद गोयंका, सीए अनूप अग्रवाल, सीए गौरव मुरारका सीए रवि अग्रवाल को प्रशस्ति-पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय अनुशासन स्थापित करने तथा कर संबंधी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित सीए को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब के सचिव विनोद चोपड़ा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज और उद्योग जगत के विश्वसनीय सलाहकार हैं। उनके ज्ञान, ईमानदारी एवं समर्पण से आर्थिक विकास को नई दिशा मिलती है। समारोह में उपस्थित सदस्यों ने सभी सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंटों का अभिनंदन करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस की शुभकामनाएं दीं। एवं सीए रवि अग्रवाल को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय अनुशासन स्थापित करने तथा कर संबंधी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित सीए को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब के सचिव विनोद चोपड़ा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज और उद्योग जगत के विश्वसनीय सलाहकार हैं। उनके ज्ञान, ईमानदारी एवं समर्पण से आर्थिक विकास को नई दिशा मिलती है। उपस्थित संजय बैद, ललिता चोपड़ा , पूजा बैद, पूर्वी केजरीवाल, ज्योति अग्रवाल ने सभी सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंटों का अभिनंदन करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का 76वें स्थापना दिवस मनाया गया



**बोकारो :** आल इंडिया इन्श्योरेंस एम्पलॉईज एसोसियेशन अपने गौरवशाली इतिहास में नये मील के पत्थर जोड़ती हुई अपने स्थापना के 76 वें साल में पहुंच गयी है।स्थापना दिवस पर संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहाअब जब एआईआईईए ने अपनी शानदार यात्रा के 76 वें वर्ष में कदम रखा है और हम बीमा कर्मचारी गुजरे समय को देखते हैं तो हम कठिन से कठिन और कई बार असंभव परिस्थितियों में हासिल की गई सफलताओं पर गर्व का सुखद अहसास करते हैं। एआईआईए द्वारा हासिल की गई सतत सफलताएं बीमा कर्मचारियों की एकता और संघर्षकाल के दौरान उनकी विकसित हुई राजनीतिक समझ तथा एआईआईए के प्रति बीमा कर्मियों के बने रहे भरोसे और निष्ठा ही वो कारक रहे हैं जिनके दम पर उसका आंचल उपलब्धियों से भरा रहा है।शाखा प्रबंधक अमित ठाकुर , विकास अधिकारी बबलू झा ,लियाफी के सचिव नवल किशोर राय , ने अपना विचार रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष कॉमरेड तरूण कुमार ने एआईआईईए के ध्वज का ध्वजारोहण किया। साथ ही इस अवसर पर मिथिला एकेडमी पब्लिक सकूल मे फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस सभी कार्यक्रम को सफल आयोजन करने मे संयुक्त सचिव साथी सुशीलकुमारसिंह , सांगठनिक सचिव साथी राकेश चन्द्र शर्मा, संत प्रकाश मेहता , अजय कुमार, राजेश कुमार सिंह, विनोद कुमार,राज कुमार गोविंद मांझी, निताई बनर्जी, राजेश कुमार चौधरी, संजीव मोहन,शांता सिंह, विचित्रा,मोहन कुमार,संजय कुमार नवीन कुमार सिंह और शाखा के अधिकारी, विकास अधिकारी और सभी बीमा कर्मी साथी।

### बोकारो में चौकीदार-दफादारों को महीनों से नहीं मिला वेतन, भुखमरी की स्थिति के बीच उग्र आंदोलन की चेतावनी

**बोकारो :** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की बोकारो जिला कमेटी ने जिले के गोमिया और चास अंचल में कार्यरत चौकीदार-दफादारों को महीनों से वेतन न मिलने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गोमिया अंचल के चौकीदार-दफादारों को पिछले पांच महीनों से और चास अंचल के कर्मियों को चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। वेतन के अभाव में इन कर्मचारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है और पैसों की तंगी के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी छूटने की कगार पर पहुंच गई है। पीड़ित कर्मी जब भी अंचल पदाधिकारी (सीओ) और नाजिर से मुलाकात करते हैं, तो उन्हें जल्द भुगतान का खोखला आश्वासन थमा दिया जाता है, जिसके कारण यह समस्या लगातार खिंचती जा रही है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वेतन न मिलने के पीछे बजट की कोई कमी नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। विदित हो कि झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 09, दिनांक 13 अप्रैल 2026 के माध्यम से बोकारो सहित राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारियों को चौकीदार-दफादारों के वेतन भुगतान हेतु पर्याप्त आबंटन पहले ही उपलब्ध कराया जा चुका है। नियमों के अनुसार अंचल पदाधिकारी इस प्रक्रिया के मुख्य निकासी पदाधिकारी होते हैं और अंचल के नाजिर वेतन विपत्र (बिल) तैयार करते हैं। गोमिया और चास अंचल के सीओ और नाजिर की इसी मनमानी के चलते भुगतान अटका हुआ है, जबकि बोकारो जिले के ही अन्य अंचलों जैसे चंदनकियारी, चंद्रपुरा, नावाडीह, पेटरवार, कसमार और जरीडीह में सभी चौकीदार-दफादारों को नियमित वेतन का भुगतान किया जा चुका है। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने बोकारो के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। संगठन की मांग है कि जब तक गोमिया और चास अंचल के पीड़ित चौकीदार-दफादारों का पूरा बकाया वेतन भुगतान नहीं हो जाता, तब तक इन दोनों अंचलों के अंचल पदाधिकारियों (सीओ) और नाजिरों के स्वयं के वेतन भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि लापरवाही बरतने वाले इन अधिकारियों को सबक मिल सके और झारखंड सरकार की छवि धूमिल होने से बचे। संगठन ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि चालू सप्ताह के भीतर सभी कर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो बोकारो जिला कमेटी उपायुक्त कार्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव करने के लिए मजबूर होगी।

# बीपीएससी में सफलता: गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा निधि कुमारी का भव्य सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर राजस्व पदाधिकारी (रेवेन्यू ऑफिसर) के पद पर चयनित गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा निधि कुमारी का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि को गौरव का क्षण बताते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया।



### पांचवें प्रयास में हासिल की सफलता

विद्यालय की वर्ष 2013 बैच की छात्रा निधि कुमारी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से वर्ष 2016 में स्नातक तथा वर्ष 2019 में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने लगातार प्रयास करते हुए अपने पांचवें प्रयास में बीपीएससी की 70वीं परीक्षा में 950वीं रैंक प्राप्त कर राजस्व पदाधिकारी के पद पर सफलता हासिल की।

### विद्यालय पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत

सफलता के बाद जब निधि कुमारी अपने पुराने विद्यालय पहुंचीं तो शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। तालियों की गड़गड़ाहट और शुभकामनाओं के बीच विद्यालय परिसर का माहौल उत्साह और गर्व से भर गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से अपने संघर्ष, तैयारी और सफलता के अनुभव भी साझा किए।

### विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र

निधि कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, धैर्य, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही मंजिल तक पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से असफलताओं से निराश न होकर लगातार प्रयास करते रहने का आह्वान किया।

### विद्यालय प्रबंधन ने दी शुभकामनाएं

विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष तरसेम सिंह, सचिव एस.पी. सिंह तथा प्राचार्य अभिषेक कुमार ने निधि कुमारी को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निधि अपनी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार कार्यशैली से समाज एवं राष्ट्र की सेवा करते हुए विद्यालय का नाम आगे भी रोशन करेंगी।

विद्यालय परिवार ने कहा कि निधि कुमारी की सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, लगातार मेहनत और धैर्य के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

संक्षिप्त डायरी

## 7 महीने बाद भी नहीं बनी सड़क, अब सिर्फ योजना बोर्ड लगाकर खानापूर्ति? ग्रामीणों में आक्रोश

**पटना (एजेंसी)** बिरौल में 29 लाख रुपये की सड़क योजना का निर्माण शुरू होने से पहले ही विवादों में है. सात महीने बाद सिर्फ योजना बोर्ड लगाए जाने पर ग्रामीणों ने विभाग और संवेदक पर सवाल उठाए हैं. : दरभंगा के बिरौल प्रखंड में हांटी मुख्य पथ से मझर टोल तक बनने वाली 500 मीटर सड़क का निर्माण सात महीने बाद भी शुरू नहीं हुआ है. बारिश में टूटी सड़क से गुजरना ग्रामीणों के लिए मुश्किल बना हुआ है. लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने काम शुरू करने के बजाय केवल योजना बोर्ड लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी. करीब 29.72 लाख रुपये की इस परियोजना का बोर्ड तो लगा दिया गया है, लेकिन जमीन पर अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ. एक फावड़ा तक नहीं चला सड़क का शिलान्यास और योजना तो महीनों पहले हो गई थी, लेकिन मौके पर अभी तक एक फावड़ा भी नहीं चला. योजना बोर्ड के अनुसार इस परियोजना की प्राक्कलित लागत 29.72 लाख रुपये है, जबकि कार्य की लागत 26.73 लाख रुपये निर्धारित की गई है. निर्माण एजेंसी लोहा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, जमुनियां (सहरसा) है और कार्य की जिम्मेदारी ग्रामीण कार्य विभाग, बिरौल प्रमंडल (दरभंगा) के पास है. ग्रामीण क्यों नाराज हैं? बोर्ड पर कार्य प्रारंभ की तिथि 2 दिसंबर 2025 और समाप्ति की तिथि 1 दिसंबर 2026 दर्ज है. हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि सात महीने बीत जाने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हुआ और अब अचानक बोर्ड लगाकर खानापूर्ति की जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है. बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है. उनका आरोप है कि केवल बोर्ड लगाने से सड़क नहीं बनेगी.

## जमुई में डूबने की घटनाओं पर सरकार सख्त, गरही डैम समेत खतरनाक घाटों पर लगेगा चेतावनी बोर्ड

**पटना (एजेंसी)** मानसून और त्योहारों के मौसम में डूबने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने जमुई में हाई अलर्ट जारी किया है. बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और स्थानीय प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए हैं. जमुई से अर्जुन अरनव की रिपोर्ट जमुई जिले में वर्षा ऋतु के दौरान डूबने की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने हाई अलर्ट एडवाइजरी जारी की है. विभाग ने जिला प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, मोहल्ला समितियों और आम लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है. गरही डैम, पनभरवा रेत घाट समेत अन्य संवेदनशील जल स्रोतों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे और बचाव व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा. खतरनाक जल स्रोतों की होगी पहचान आपदा प्रबंधन विभाग ने निर्देश दिया है कि गांव, टोले और मोहल्लों के आसपास मौजूद गहरे तालाब, आहर, पोखर, नदी घाट और जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर उन्हें संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया जाए. इन स्थानों पर खतरे से आगाह करने वाले बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि लोग अनजाने में वहां न जाएं. आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी किया गया सूचना विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को किसी भी जल स्रोत के पास अकेले न जाने दें. विशेष रूप से जितिया, छठ और अन्य पर्वों के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है. पिछले वर्षों में गरही क्षेत्र, खैरा, सोनो और अन्य इलाकों में कई बच्चे और युवा डूबने की घटनाओं का शिकार हो चुके हैं. रेस्क्यू टीम और जागरूकता अभियान होंगे तेज जमुई सहित सभी संवेदनशील जिलों में स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने और रेस्क्यू उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. प्रशासन को जरूरत पड़ने पर त्वरित बचाव अभियान चलाने के लिए भी तैयार रहने को कहा गया है. गरही डैम, पनभरवा रेत घाट और अन्य जोखिम वाले क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी. आपात स्थिति में तुरंत करें संपर्क किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लोग राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 1070 पर संपर्क कर सकते हैं. विभाग ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में अनावश्यक रूप से गहरे पानी वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें. विभाग का संदेश है कि सतर्कता और जागरूकता ही डूबने जैसी घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है.

## बिहार के 30 हजार भूमिहीनों को कितनी मिलेगी जमीन और क्या होगी प्रक्रिया? मंत्री दिलीप जायसवाल ने खुद सब बताया

**पटना (एजेंसी)** बिहार के भूमिहीन परिवारों को राज्य सरकार खास तोहफा देने वाली है. 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र दिया जाएगा. मंत्री दिलीप जायसवाल के मुताबिक, इसके लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा. बिहार के 30 हजार भूमिहीन परिवारों को राज्य सरकार जमीन देगी. राज्य में ह्यअभियान बसेरा-2ह्व के तहत 15 अगस्त को पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र दिया जाएगा. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री दिलीप जायसवाल ने इसे लेकर पूरी जानकारी दी. पूरे बिहार में चलाया जाएगा स्पेशल ड्राइव मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, आजादी के बाद से आज भी ऐसे लोग हैं, जिनके पास जमीन नहीं है. उनके पास रैन बसेरा नहीं है. ऐसे में सम्राट सरकार ने फैसला लिया है कि स्पेशल ड्राइव चलाकर बिहार के वैसे भूमिहीन जो आज भी रोड पर रहने के लिए मजबूर हैं, उन्हें जमीन दी जाएगी. एकसाथ 30 हजार भूमिहीनों को 15 अगस्त को जमीन दी जायेंगी. क्या है प्रक्रिया और कितनी मिलेगी जमीन? मंत्री दिलीप जायसवाल ने यह भी बताया कि भूमिहीन परिवारों को सरकारी नियम के तहत ही जमीन उपलब्ध कराई जायेगी. अंचलाधिकारी अपने-अपने इलाके के पात्र परिवारों की एक लिस्ट बनायेंगे. इसके बाद उनका नाम अभियान बसेरा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा. इसके बाद पर्चा वितरण से संबंधित सत्यापन पूरा होने के बाद बंदोबस्ती प्रमाण पत्र पर अधिकारी हस्ताक्षर करेंगे. इसके बाद ही परिवारों को जमीन मिल जाएगी. इसके साथ ही मंत्री दिलीप जायसवाल की माने तो, पात्र भूमिहीन परिवारों को 3-3 डिसमिल जमीन दी जायेगी. 15 अगस्त को पत्र बांटा जाएगा और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा. अधिकारियों को क्या दी चेतावनी? राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मंत्री दिलीप जायसवाल ने फिर चेतावनी दे दी है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के जो भी शिकायत है, उसका समाधान तुरंत हो. साथ ही ईमानदारी के साथ जनता का काम करें. इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज भी कसा. तेजस्वी यादव ने केंद्र से बिहार के चलने की बात कही थी. इसे लेकर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, मुद्दा विहीन लोग इस तरह की बात करते हैं.

# पवन सिंह, निशांत समेत 10 सदस्यों ने ली MLC पद की शपथ, 20 दिन पहले हुए थे निर्विरोध निर्वाचित

**पटना (एजेंसी)** : बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित पवन सिंह, निशांत समेत 10 सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली. समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत सत्ता और विपक्ष के कई बड़े नेता मौजूद रहे. बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित 10 सदस्यों ने बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली. पटना स्थित विधान परिषद एनेक्सी में आयोजित समारोह में राजनीतिक और प्रशासनिक जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं. शपथ ग्रहण की शुरूआत भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह ने की. उनके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख, सुनील कुमार सिंह समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली. सभी 11 जून को निर्विरोध निर्वाचित हुए थे. समारोह में जुटे सत्ता और विपक्ष के बड़े नेता शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान परिषद के सभापति अवधेश



नारायण सिंह, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी मौजूद रहे. समारोह के दौरान सत्ता और विपक्ष के नेताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय रही. मंच पर विजय चौधरी के बगल में तेजस्वी यादव बैठे नजर आए.10 सीटों पर सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हाल ही में विधान परिषद की 10 सीटों के लिए चुनाव हुआ था. इन सीटों पर कुल 10 उम्मीदवारों ने ही नामांकन दाखिल किया, इसलिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए. इन सीटों में भाजपा और जेडीयू के चार-चार, जबकि राजद और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एक-एक उम्मीदवार शामिल थे. हालांकि, एनडीए ने मंत्री दीपक प्रकाश को इस बार एमएलसी उम्मीदवार नहीं बनाया. इसके बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर चचाएं तेज हो गई थीं. नीतीश कुमार की सीट से पहुंचे ललन प्रसाद जेडीयू के वरिष्ठ नेता ललन प्रसाद को सबसे अहम सीट मिली. वे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा खाली की गई विधान परिषद सीट से निर्विरोध चुने गए हैं. पार्टी नेतृत्व का उन पर भरोसा इस बात का संकेत माना जा रहा है कि संगठन और सरकार में उनकी भूमिका आगे और मजबूत हो सकती है. पवन सिंह का विधान परिषद में पहला कदम भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह ने पहली बार किसी सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली. भाजपा ने उनकी लोकप्रियता और भोजपुरी क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया था. पार्टी का मानना है कि पवन सिंह के जरिए शाहाबाद और भोजपुरी क्षेत्र में संगठन को और मजबूती मिलेगी. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें राबड़ी-तेजस्वी के करीबी हैं सुनील सिंह राजद के वरिष्ठ नेता डॉ. सुनील कुमार सिंह भी दोबारा विधान परिषद पहुंचे हैं. वे पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के करीबी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के भरोसेमंद नेताओं में माने जाते हैं. सदन में अपने आक्रामक और तार्किक अंदाज के लिए पहचान रखने वाले सुनील सिंह पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताया है. छखढ (रामविलास) से अशरफ अंसारी को मौका लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अशरफ अंसारी को विधान परिषद भेजा है. वे पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्य प्रवक्ता हैं. पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने उनके नाम की घोषणा करते हुए कहा था कि अशरफ अंसारी लंबे समय से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं. संगठन को मजबूत करने में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है.

## घर से निकलने से पहले पढ़ लें ये खबर, बिहार में अगले 4 दिन आंधी-बारिश की चेतावनी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में अगले चार दिनों तक मौसम सुहाना रहने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहेंगे, रुक-रुक कर बारिश होगी और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने के आसार हैं. बिहार में मानसून अब पूरी तरह एक्टिव हो चुका है. राज्य के कई हिस्सों में मंगलवार रात से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है. बुधवार सुबह बेगूसराय में झमाझम बारिश हुई. आसमान में घने बादल छाए रहे और बच्चे छाता लेकर स्कूल जाते नजर आए. मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश की संभावना जताई है. साथ ही कई जिलों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है. 13 जिलों में ऑरेंज, 25 जिलों में येलो अलर्ट मौसम विभाग के अनुसार,



बुधवार को पटना समेत 13 जिलों में तेज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं 25 जिलों में येलो अलर्ट है. इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. कई जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना है. अगले 5 दिनों तक बदला रहेगा मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे. इस दौरान रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी. कई जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है. खगड़िया से जमुई तक झमाझम बारिश बीते 24 घंटों के दौरान खगड़िया, समस्तीपुर, सासाराम और जमुई में अच्छी बारिश दर्ज की गई. वहीं औरंगाबाद में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई. पटना में दिनभर बादल छाए रहे और ठंडी हवा चलने से लोगों को उमस से राहत मिली. कैमूर सबसे गर्म, पटना में मिली राहत मंगलवार को कैमूर राज्य का सबसे गर्म जिला रहा. यहां अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सासाराम में तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा. हालांकि जिन इलाकों में बारिश हुई, वहां तापमान 2 से 3 डिग्री तक नीचे आ गया. पटना का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. अब भी सामान्य से 46 फीसदी कम बारिश मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 30 जून तक बिहार में मानसून सीजन के दौरान 87.8 मिमी बारिश हुई है. जबकि इस अवधि में सामान्य औसत वर्षा 163.3 मिमी होनी चाहिए थी. यानी अब तक राज्य में सामान्य से 46 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है.
हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश की गतिविधियां तेज हुई हैं. सबसे अधिक वर्षा उत्तर और उत्तर-पूर्वी बिहार के जिलों में रिकॉर्ड की गई है. इससे किसानों और आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है. 2 जुलाई को पटना, नालंदा, गया, जहानाबाद, नवादा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर समेत आसपास के जिलों में भी बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और बिजली चमकने के समय खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी है.

## कैमूर में बेटे ने पीट-पीटकर की पिता की हत्या, मामूली विवाद में लाठी-डंडों से उतारा

**पटना (एजेंसी)** कैमूर के इस्माइलपुर में बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद में पुत्र ने लाठी-डंडे से पीटकर पिता की हत्या कर दी. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. आरोप है कि बेटे ने लाठी-डंडे से हमला कर अपने पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है. मामला चैनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव के बडघटा टोला का है.परिजनों के अनुसार मृतक चूल्हन बिंद ने घर के गलियारे में बंधी बकरी को हटाने के लिए कहा था. उनका कहना था कि बकरी की वजह से आने-जाने में परेशानी हो रही थी. इसी बात को लेकर पिता और पुत्र के बीच विवाद शुरू हो गया. मृतक के छोटे पुत्र जितेंद्र कुमार बिंद ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान उसके मझले भाई सोनू बिंद ने लाठी-डंडे से पिता पर



हमला कर दिया. हमले में चूल्हन बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए. कैमूर की खबरों को पढ़ने के लिए क्लिक करें इलाज के दौरान हुई मौत घटना के बाद परिजन घायल चूल्हन बिंद को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी के हायर सेंटर भेजा, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. सदर अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम घटना की सूचना मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा. पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. मृतक के छोटे पुत्र जितेंद्र कुमार बिंद ने आरोपी भाई की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई करने की अपील की है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## हरि सिंह महाविद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी, 2800 छात्रों का भविष्य दांव पर, ट्यूशन के सहारे पढ़ाई

**पटना (एजेंसी)** मुंगेर के हवेली खड़गपुर स्थित हरि सिंह महाविद्यालय में कई विषयों में शिक्षक नहीं हैं. लाइब्रेरी वर्षों से बंद है और विज्ञान प्रयोगशाला भी ठप है. ऐसे में हजारों छात्र ट्यूशन और कोचिंग के सहारे भविष्य संवारने को मजबूर हैं. हवेली खड़गपुर (मुंगेर) से रतन झा की रिपोर्ट मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर स्थित हरि सिंह महाविद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों की भारी कमी के कारण उच्च शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है. करीब 2800 छात्र-छात्राओं वाले इस कॉलेज में कई महत्वपूर्ण विषयों में नियमित शिक्षक नहीं हैं. परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को कॉलेज फीस देने के बावजूद निजी कोचिंग और ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है. शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई वर्ष 1960 में स्थापित हरि सिंह महाविद्यालय कभी बेहतर शिक्षा के लिए जाना जाता था. उस समय नियमित कक्षाएं, पुस्तकालय और प्रयोगशाला की सुविधाएं उपलब्ध थीं. लेकिन वर्तमान में अधिकांश विषय अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं. इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान सहित कई विषयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं. मनोविज्ञान विभाग में तो प्रतिनियुक्ति के कारण फिलहाल कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं है. कॉलेज में लंबे समय से पुस्तकालयाध्यक्ष का पद खाली है, जिसके कारण लगभग एक दशक से लाइब्रेरी बंद पड़ी है. विज्ञान संकाय के छात्र प्रयोगशाला सहायक नहीं होने से प्रैक्टिकल कक्षाएं भी नियमित रूप से नहीं कर पा रहे हैं. इससे विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान प्रभावित हो रहा है और उन्हें दूसरी जगहों पर जाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है. छात्रों ने बताई अपनी परेशानी छात्रा अनिता कुमारी ने कहा कि कई विषयों में शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई पूरी नहीं हो पा रही है. छात्रा कोमल कुमारी ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण प्रमाण पत्र, नामांकन और अन्य प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक देरी होती है. विज्ञान के छात्र सौरव झा ने कहा कि प्रयोगशाला सहायक के अभाव में प्रैक्टिकल शिक्षा अधूरी रह जाती है. वहीं रिया कुमारी, पूजा कुमारी, मनीष कुमार, गौतम कुमार, दिव्यांशु, संजीत, मनीषा कुमारी और अंशु कुमारी सहित कई विद्यार्थियों ने रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति की मांग की है. प्राचार्य ने विश्वविद्यालय को भेजा प्रस्ताव महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र राम ने बताया कि चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की भारी कमी के कारण दैनिक मजदूरों से काम कराना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों के रिक्त पदों की जानकारी विश्वविद्यालय को भेज दी गई है और जल्द नियुक्ति की मांग की गई है.

## सारण में गंडक नहर का बांध टूटा, कई गांवों से टूटा सड़क संपर्क, आवागमन ठप

**पटना (एजेंसी)** सारण के तरैया प्रखंड स्थित मंझोपुर में गंडक नहर का बांध टूट गया है. कई गांवों का सड़क संपर्क बाधित हो गया, सारण जिले के तरैया प्रखंड में बुधवार की सुबह गंडक नहर का बांध टूट गया. तरैया-अमनौर स्टेट हाईवे 104 के किनारे स्थित मंझोपुर में बांध ध्वस्त होने के बाद सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में पानी फैल गया. इस घटना से कई गांवों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है और ग्रामीणों को तरैया प्रखंड के मंझोपुर में बुधवार की अहले सुबह गंडक नहर का बांध अचानक ध्वस्त होकर टूट गया. घटना के बाद आसपास के इलाके में तेजी से पानी फैलने लगा. स्थानीय लोगों



के अनुसार बांध टूटने की वजह से नहर का पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल गया. बांध टूटने के कारण परौना, भटगाई, मोलनापुर, टीकमपुर, संग्रामपुर समेत कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है. ग्रामीणों ने बताया कि मंझोपुर स्थित गंडक नहर पुल से होकर जाने वाला यह रास्ता इन गांवों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है. बांध टूटने के बाद इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया. मौके पर मौजूद ग्रामीण सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में फैला पानी गंडक नहर का बांध टूटने के बाद बड़ी मात्रा में पानी आसपास के खेतों और खाली क्षेत्रों में फैल गया. हालांकि शुरूआती जानकारी के अनुसार व्यापक फसल नुकसान की सूचना नहीं है. कुछ किसानों के धान के बिचड़े पानी में डूब गए हैं, जिससे उन्हें चिंता सता रही है. ग्रामीणों ने बताया कि टूटे हुए स्थान पर बांध के नीचे पानी निकासी के लिए ह्यूम पाइप लगाया गया था. पाइप के आसपास से काफी दिनों से पानी का रिसाव हो रहा था. लगातार रिसाव के कारण बांध अंदर से कमजोर और खोखला हो गया. इसी वजह से बुधवार सुबह बांध का हिस्सा ध्वस्त होकर टूट गया. सूचना मिलते ही पहुंचे जनप्रतिनिधि घटना की जानकारी मिलने के बाद भटगाई पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि वीरेन्द्र राम, पूर्व बीडीसी नागेन्द्र प्रसाद सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों ने स्थिति का जायजा लिया और विभागीय अधिकारियों को तत्काल सूचना दी. पानी का दबाव कम करने के लिए बंद किया गया किवाड़ मुखिया ओम प्रकाश कुमार ने गंडक विभाग के एसडीओ और अभियंताओं को मोबाइल के माध्यम से घटना की सूचना दी. ग्रामीणों के सहयोग से टूटे हुए स्थान से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित नहर के किवाड़ को बंद कराया गया. इसके बाद पानी का दबाव कम हुआ और स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली. विभागीय टीम का इंतजार घटना के बाद ग्रामीण गंडक विभाग के अधिकारियों और तकनीकी टीम के पहुंचने का इंतजार करते रहे. स्थानीय लोगों की मांग है कि बांध की जल्द मरम्मत कर आवागमन बहाल कराया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए. गंडक विभाग की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद बांध मरम्मत का कार्य शुरू किया जा सकता है. प्रशासन की प्राथमिकता सड़क संपर्क बहाल करने और प्रभावित क्षेत्र में पानी के दबाव को नियंत्रित करने पर रहेगी.



# मध्य प्रदेश में उठाएं बीच का मजा

## जरूर एक्सप्लोर करें ये मनमोहक और खूबसूरत जगह

मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं।

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हनुवंतिया

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

### इस जगह की खासियत

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का %मिनी गोवा% भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### सैलानियों के लिए क्यों है खास

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं।

हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।


### वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं।

हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



# बारिश के मौसम का मजा लेना है तो महाराष्ट्र की इन जगहों पर जरूर जाएं





**परिवार या दोस्तों के साथ घूमना किसे पसंद नहीं होता? कई लोग ट्रिप पर जाने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं. खासकर अपने पार्टनर या गर्लफ्रेंड के साथ ट्रिप पर जाना कई लोगों को काफी खुशी देता है. इसलिए ज्यादातर लोग अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मस्ती करने के लिए खूबसूरत जगहों पर जाना पसंद करते हैं. अगर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताना चाहते हैं तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसी जगहों की जानकारी लेकर आए हैं जो जुलाई में कपल्स के घूमने के लिए बेस्ट जगह हैं. खबर के जरिए जानते हैं कि मानसून में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए कौन सी जगहें बेस्ट हैं.**

### लोनावाला

मानसून के मौसम में लोनावाला घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। इस जगह की खूबसूरती और प्रकृति का अनोखा नजारा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है. खासकर अगर प्रेमी जोड़े और नवविवाहित जोड़े यहां जाएं तो उन्हें बहुत मजा आएगा. क्योंकि यहां का भूशी डैम, टाइगर प्वाइंट, हरी-भरी पहाड़ियां, प्रकृति और खूबसूरत फूलों के बगीचे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. इसलिए यह जगह प्रेमी जोड़ों, नवविवाहितों और जोड़ों के लिए सबसे अच्छा पर्यटन स्थल माना जाता है.

### मुलशी

अगर आप अपने पार्टनर के साथ मानसून के मौसम का मजा लेना चाहते हैं तो पुणे के पास मुलशी घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है. क्योंकि यहां का इलाका बेहद खूबसूरत है. अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और प्रकृति के लिए मशहूर यह जगह पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है. खास तौर पर धुंध भरी पहाड़ियां और मुलशी डैम देखने लायक बेहद खूबसूरत जगह हैं.

### माथेरान हिल स्टेशन

माथेरान हिल स्टेशन अपने प्रेमी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह है. यह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है.मुंबई और पुणे के पास स्थित यह बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन अपनी हरी-भरी पहाड़ियों के साथ बेहद खूबसूरत नजारा देता है. ऐसी प्राकृतिक खूबसूरती के बीच अपने साथी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमना आपके बीच प्यार को और बढ़ा देगा. इसलिए माथेरान लवर्स के लिए एक बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट है.

### हरिश्चंद्रगढ़

खूबसूरत कॉफी बागानों में अपने प्रियतम के साथ गपशप करने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है. मानसून के मौसम में घूमने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है. जो लोग ट्रैकिंग करना चाहते हैं, वे इस जगह पर जा सकते हैं, बर्फीले पहाड़ों, कॉफी बागानों, हरे-भरे पेड़ों, रिमझिम बारिश के बीच कोंकण तट की खूबसूरती को निहार सकते हैं. आप अपने साथी के साथ खुशी के पल बिता सकते हैं। इसलिए, मानसून के मौसम में घूमने के लिए हरिश्चंद्रगढ सबसे अच्छी जगह है.

### लवासा

वरसगांव झील के किनारे स्थित लवासा में अनगिनत वाटर स्पोर्ट्स हैं. महाराष्ट्र में स्थित यह शहर इतालवी शहर पोर्टोफिनो की तर्ज पर बना है. यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचे और मनोरंजक गतिविधियों के लिए जाना जाता है. यह जगह कपल्स के लिए बेहद रोमांचक हो सकती है.



# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

**कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।**

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊँचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम दृश्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

### कसौली का इतिहास और विशेषता

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

### प्रमुख आकर्षण

#### 1. मंकी पॉइंट

कसौली का सबसे ऊँचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहाँ से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के दृश्य साफ दिखाई देते हैं। यहाँ एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

#### 2. गिल्बर्ट ट्रेल

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

#### 3. क्राइस्ट चर्च

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियाँ देखने लायक हैं।

#### 4. सनसेट पॉइंट

शाम के समय यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

#### 5. कसौली ब्रुअरी

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

कसौली में करने योग्य गतिविधियाँ

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग (हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि)
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

यात्रा का सर्वोत्तम समय

मार्च से जून: गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर: साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी: बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कैसे पहुँचे कसौली?

हवाई मार्ग : निकटतम हवाई अड्डा चंडीगढ़ (लगभग 60 किमी) है।

रेल मार्ग : निकटतम रेलवे स्टेशन कालका (लगभग 25 किमी) है, जहाँ से टैक्सी या बस ली जा सकती है।

सड़क मार्ग : चंडीगढ़, शिमला, दिल्ली से सीधी बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहाँ प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।

## अमेरिका के कमर्शियल कच्चे तेल के भंडार में 60.72 लाख बैरल की गिरावट आई

नई दिल्ली।

अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार लगातार घट रहा है, जिसका असर वैश्विक तेल बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले सप्ताह अमेरिका के कमर्शियल कच्चे तेल के भंडार में 60.72 लाख बैरल की गिरावट आई। इससे पहले वाले सप्ताह में भंडार 7.65 लाख बैरल घटा था। इस खबर के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की तेजी देखने को मिली।

ब्रेंट क्रूड 73.19 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 69.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट के मुताबिक पिछले 11 हफ्तों में अमेरिका के कमर्शियल कच्चे तेल के भंडार में कुल 5.94 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। हालांकि, इस साल अब तक कुल कच्चे तेल का भंडार सिर्फ 80 लाख बैरल ही घटा है, क्योंकि सरकार लगातार अपने स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व से तेल जारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व में भी 55 लाख बैरल की कमी आई। इसके बाद यह घटकर 32.57 करोड़ बैरल रह गया। यह रिजर्व अपनी अधिकतम क्षमता से करीब 39.9 करोड़ बैरल कम है। इस बीच अमेरिका का कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 1.3819 करोड़ बैरल प्रति दिन पहुंच गया। वहीं ओक्लाहोमा के कुशिंग हब में कच्चे तेल का भंडार 5.03 लाख बैरल बढ़ा है।

## 1 जुलाई से वीबी-जी राम जी कानून लागू, अब 125 दिन मिलेगा रोजगार

-औसतन मजदूरी में 10फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी, 300 से कम नहीं मिलेगी

नई दिल्ली।

1 जुलाई से पूरे देश में वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू हो गया है, जिसके तहत अब ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। सरकार ने रोजगार के दिनों में 25 दिन की बढ़ोतरी के साथ मजदूरी दर भी बढ़ाई है। नए नियम के मुताबिक अब किसी भी राज्य में दैनिक मजदूरी 300 रुपए से कम नहीं होगी और औसतन मजदूरी में 10फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है।ये कदम विकसित भारत के तहत केंद्र सरकार के द्वारा उठाया गया है। इससे लाखों ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ने के साथ-साथ असमानता भी कम होगी। सरकार द्वारा दी कई जानकारी के मुताबिक पूरे देश के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये मजदूरी बढ़ोतरी की गई है। पहले कई जगहों पर 241 रुपए ही मजदूरी मिलती थी, लेकिन अब हर जगह 300 रुपए तक की मजदूरी दी जाएगी। ये इंटरिम बेस रेट लागू किया गया है। साथ ही नेशनल ऐवरेज मजदूरी पहले 298.8 रुपए प्रतिदिन थी जोकि बढ़कर अब 327.4 रुपए हो गई है यानी ऐवरेज देखें तो 28.6 रुपए की बढ़त की गई है। यह बड़ा बदलाव मनरेगा से वीबी-जी राम जी कानून में आने के बाद हुआ है। इससे ग्रामीण मजदूरों की इनकम को सुरक्षा, मजबूती और पुराने नियम जिनसे मजदूरों को फायदा नहीं मिलता था, वह परेशानी भी दूर होगी।

## सोना-चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली ।

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्सा) पर दोनों कीमती धातुओं में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1301 रुपए टूटकर 1,41,230 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं इसी प्रकार चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गयी है। ये 4166 रुपए टूटकर 2,24,397 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई है। इस गिरावट का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी देखा गया, जहाँ शुरुआती कारोबार में सोने और चांदी दोनों की ही कीमतें घटी हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में गत दिवस भी सोने की कीमतों में गिरावट आई थी। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 800 रुपए घटकर 1,45,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जो पिछले सत्र में 1,46,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह दिखाता है कि भौतिक बाजार में सोने की खरीदारी में अभी भी कमजोरी बनी हुई है।वहीं इसके विपरीत, सर्राफा बाजार में चांदी में तेजी आई जिससे निवेशक हैरान को गये। लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए, चांदी की कीमत में 6,000 रुपए की तेजी रही और यह 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई। इससे पिछले सत्र में चांदी का भाव 2,24,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि घरेलू बाजार में सोने पर दबाव बना रहा, लेकिन हालिया गिरावट के बाद चांदी में निचले स्तर पर खरीदारी देखी गई।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 443 निफ्टी 140 अंक ऊपर आया

मुम्बई।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर में मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 443.97 अंक बढ़कर 76,922.64 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.10 अंक बढ़कर 24,005.85 पर बंद हुआ। आज रियल्टी, एफएमसीजी और मीडिया शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी रही जिससे भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान करीब 158 शेयरों में तेजी रही जबकि 1935 शेयरों में गिरावट आई। वहीं 165 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी पर सबसे ज्यादा बढ़त वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, एचयूएल और एशियन पेंट्स शामिल थे जबकि सबसे अधिक गिरावट वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, टीसीएस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील का स्टॉक शामिल है।बाजार में अगर सेक्टर के




हिसाब से देखें तो रियल्टी इंडेक्स में 3 बढ़त देखने को मिली। वहीं एफएमसीजी और मीडिया इंडेक्स में 2-2 फीसदी की बढ़त रही। ऑटो और पीएसयू बैंक इंडेक्स में भी 1-1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। आईटी इंडेक्स में 2 फीसदी की गिरावट आई, मेटल इंडेक्स 1फीसदी और फार्मा इंडेक्स में 0.5फीसदी की गिरावट रही।इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ शुरु हुआ।

## चांदी 43प्रतिशत और सोना 20फीसद तक लुढ़का

शेयर बाजार में भी भारी अस्थिरता, निवेशकों की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली ।

साल 2026 के पहले छह महीनों में सोना, चांदी और शेयर बाजार तीनों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। रिकॉर्ड स्तर से सोना करीब 20 प्रतिशत तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी में लगभग 43 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। वहीं, शेयर बाजार भी दबाव में रहा और सेंसेक्स करीब 11 प्रतिशत तक फिसल गया। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका की ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता, डॉलर की मजबूती और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर वैश्विक बाजारों पर पड़ा है। इन परिस्थितियों ने निवेशकों का भरोसा कमजोर किया, जिससे कीमती धातुओं और शेयर बाजार दोनों में बिकवाली बढ़ी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले समय में वैश्विक आर्थिक संकेतकों, केंद्रीय बैंकों की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर निवेशकों की नजर रहेगी। हालात सामान्य होने तक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

## 1 जुलाई से कॉमर्शियल सिलेंडर 180 रुपए सस्ता तो कार खरीदना हुआ महंगा

-घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं, बिना टिकट यात्रा पर डबल जुर्माना

नई दिल्ली।

1 जुलाई यानी बुधवार से देश में आम आदमी की जेब, रसोई और सफर से जुड़े 6 बड़े नियम बदल गए हैं। कॉमर्शियल सिलेंडर 180 रुपए सस्ता तो पासपोर्ट बनवाना महंगा हो गया है। ट्रेन में बिना टिकट सफर करने पर दोगुना जुर्माना लगेगा। तेल कंपनियों ने 1 जुलाई से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 तक की बड़ी कटौती कर दी है। हालांकि, 14 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।दिल्ली में अब नया दाम 2930.00 हो गया है जो पहले 3113.50 था यानी 183.50 रुपए की कमी आई है। कोलकाता में नई कीमत 3081.50 है जो पहले 3255.50 थी यानी 174 रुपए की कमी, मुंबई में पुराना दाम 3067.50 था जो अब घटकर 2885.50 रुपए रह गया है यानी 182.00 की कमी और चेन्नई में पहले इसकी कीमत 3283.00 थी जो अब कम होकर 3106 रुपए हो गई है यानी 177 की कमी। इसके घटने से रेस्टोरेंट, होटल और शादियों में कैटरिंग का खर्च कम होगा, जिससे आम जनता के लिए भी बाहर खाना और नाश्ता सस्ता हो सकता है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम घटने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च घटेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली सस्ते कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी सस्ती हो सकती है।पेट्रोलियम मंत्रालय ने देश में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को देखते हुए 11 जून को एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की जो सीमा लगाई थी, उसे अब उसे खत्म कर दिया गया है। वहीं अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने 11 जून को पेट्रोल-डीजल की किल्लत की वजह से ये पाबंदियां लगाई थीं।

# डॉलर के मुकाबले रुपये में बड़ी गिरावट

मुम्बई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 67 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 95.23 पर बंद हुआ। यह गिरावट वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बढ़ती अनिश्चितता और घरेलू मोर्चे पर चुनौतियों का स्पष्ट संकेत दे रही है, जिसका सीधा असर देश की आयात लागत और महंगाई दर पर पड़ने की आशंका है।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने रुपये की इस तेज गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारकों का हवाला दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अमेरिकी डॉलर का लगातार मजबूत होना एक बड़ा कारण रहा है, क्योंकि वैश्विक निवेशक अस्थिरता के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की ओर रुख कर रहे हैं। इसके साथ ही, भारतीय बाजारों से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी रुपये पर भारी दबाव डाला है। विदेशी संस्थागत निवेशक लाभ बुकिंग और वैश्विक जोखिमों के चलते भारतीय इक्विटी और ऋण बाजारों से अपना निवेश निकाल




रहे हैं, जिससे डॉलर की मांग बढ़ रही है और रुपया कमजोर हो रहा है।

इसके अलावा, एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी भी रुपये की गिरावट में सहायक रही, क्योंकि लगभग सभी प्रमुख एशियाई मुद्राएं डॉलर के मुकाबले कमजोर हुई हैं। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स का 95 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करना भी बाजार की धारणा को कमजोर करने वाला एक प्रमुख कारक साबित हुआ है, जिसने निवेशकों के आत्मविश्वास को हिला दिया है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.67 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.60 के निचले स्तर से 95.29 के उच्च स्तर तक के दायरे में रहा, जो दिन भर की तीव्र अस्थिरता को दर्शाता है। अंततः, यह पिछले बंद भाव की तुलना में 67 पैसे कम होकर 95.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# एएमएफआई की नई कंपनियों की सूची जल्द हो सकती है जारी

### इस बार कई कंपनियों की श्रेणी में बदलाव देखने को मिल सकता है

नई दिल्ली।

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए अहम मानी जाने वाली एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की नई लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों की सूची जल्द जारी हो सकती है। 30 जून को श्रेणी निर्धारण की कट-ऑफ तिथि पूरी होने के बाद अब बाजार की निगाहें नई सूची हैं। इस सूची के आधार पर म्यूचुअल फंड हाउस अपनी निवेश रणनीति तैयार करते हैं और कई फंड मैनेजर पोर्टफोलियो में जरुरी बदलाव करते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक इस बार कई कंपनियों की श्रेणी में बदलाव देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि नई कैटेगरी एक अगस्त 2026 से प्रभावी हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी कंपनी का लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप श्रेणी में शामिल होना या उससे बाहर होना इस बात की गारंटी नहीं है कि उसमें तुरंत निवेश बढ़ जाएगा या बिकवाली शुरू हो जाएगी। फिर भी फंड मैनेजर निवेश संबंधी फैसलों में इस सूची को अ हम आधार मानते हैं।रिपोर्ट के मुताबिक बीएसई, वोडाफोन आइडिया, हिताची एनर्जी इंडिया, जिंदल स्टील, इंडियन बैंक, इंडस टावर्स, बिलियनब्रेन्स गैरेज वेंचर्स, बीएचईएल और वेदांता एल्युमिनियम के लार्जकैप श्रेणी में शामिल होने की संभावना है। दूसरी ओर लोढ़ा डेवलपर्स, इंडियन होटल्स, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, मैक्स हेल्थकेयर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प, सीमेंस एनर्जी इंडिया और बॉश के लार्जकैप से मिडकैप श्रेणी में आने का अनुमान लगाया है। मिडकैप श्रेणी में हिंदुस्तान कॉपर, एनएलसी इंडिया, एआईए इंजीनियरिंग, अजंता फार्मा, एस्टर डीएम हेल्थकेयर, सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसीजन फोर्जिंग्स, नवीन फ्लोरीन इंटरनेशनल और डेल्हीवरी को जगह मिल सकती है।

## डॉलर इंडेक्स बढ़कर 101.3 के करीब पहुंचा, मजबूती की वजह बॉन्ड यील्ड में तेजी

नई दिल्ली।

अमेरिका से आने वाले अहम रोजगार के आंकड़ों से पहले अमेरिकी डॉलर में फिर मजबूती देखने को मिली है। बुधवार को डॉलर इंडेक्स बढ़कर 101.3 के करीब पहुंच गया। इससे पहले हफ्ते की शुरुआत में इसमें कुछ कमजोरी देखने को मिली थी। डॉलर को मजबूती मिलने की बड़ी वजह अमेरिकी सरकारी बॉन्ड यील्ड में आई तेजी है। मंगलवार को 10 साल की अमेरिकी बॉन्ड यील्ड करीब 10 बेसिस प्वाइंट बढ़ी, जिससे डॉलर को सपोर्ट मिला।जारी आंकड़ों के मुताबिक मई महीने में अमेरिका में खाली नौकरियां पिछले दो साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं। इससे संकेत मिलता है कि भले ही नई भर्तियों की रफ्तार धीमी हुई हो, लेकिन श्रम बाजार अभी भी मजबूत है। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के मासिक रोजगार आंकड़ों पर है। इन आंकड़ों से यह संकेत मिल सकता है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व आगे ब्याज दरों को लेकर क्या कदम उठा सकता है। फिलहाल बाजार को उम्मीद है कि फेड इस साल कम से कम एक बार ब्याज दरें बढ़ा सकता है। निवेशकों के मुताबिक इसके लिए सितंबर सबसे पहला संभावित समय हो सकता है। इसके अलावा निवेशक कतर में चल रही अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पर भी नजर रख रहा हैं। इस बातचीत का असर वैश्विक बाजारों और डॉलर की चाल पर पड़ सकता है।

# शेयर बाजार इस माह करेगा बेहतर प्रदर्शन! निजी बैंकिंग व ज्वेलरी सेक्टर में ज्यादा संभावनाएं

ब्रोकरेज ने जुलाई सीरीज के लिए 10 शेयरों में खरीदारी की दी सलाह

नई दिल्ली।

जून महीने में उतार-चढ़ाव के दौर से गुजरने के बाद भारतीय शेयर बाजार जुलाई सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। एक ताजा रिपोर्ट में जुलाई के लिए बाजार पर सकारात्मक रुख जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दस सालों के आंकड़े बताते हैं कि जुलाई सीरीज में निफ्टी ने 80 फीसदी मामलों में बढ़त दर्ज की है और औसतन 3.1 फीसदी का रिटर्न दिया है। हालांकि ब्रोकरेज ने यह भी कहा है कि 24,700 का स्तर बाजार के लिए अहम प्रतिरोध साबित हो सकता है।रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में सबसे ज्यादा संभावनाएं निजी बैंकिंग और ज्वेलरी सेक्टर में दिखाई दे रही हैं। ब्रोकरेज का मानना है कि निजी बैंकों के शेयर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही टाइटन और कल्याण ज्वेलर्स जैसी आभूषण कंपनियों पर भी निवेशकों को नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। इन कंपनियों के आगामी कारोबारी अपडेट शेयरों में अच्छी हलचल पैदा कर सकते हैं। जून सीरीज के प्रदर्शन पर नजर डालें तो निफ्टी करीब 0.2 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। मिडकैप सूचकांक में 0.8 फीसदी की कमजोरी रही, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक ने 3.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की। सेक्टरवार प्रदर्शन में मीडिया, रियल्टी, निजी बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, फार्मा और वित्तीय सेवा कंपनियों ने बेहतर रिटर्न दिया। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी, धातु, एफएमसीजी और ऊर्जा क्षेत्र के शेयर दबाव में रहे।ब्रोकरेज रिपोर्ट के मुताबिक जून सीरीज में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने करीब 3.3 अरब डॉलर के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8.3 अरब डॉलर का निवेश किया गया।

## मार्च 2026 में बैंकों का एनपीए घटकर 0.4 फीसद रहा, कृषि क्षेत्र में फंसे कर्ज का दबाव

46 बैंकों का कुल जीएनपीए अनुपात मार्च 2028 तक 1.9 फीसदी पहुंचने की संभावना

नई दिल्ली।

भारतीय रिजर्व बैंक की जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां मार्च 2026 के अंत तक घटकर क्रमशः 1.8 फीसदी और 0.4 फीसदी रह गईं। रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार सभी बैंक समूहों में देखने को मिला। सभी प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में ऋण की गुणवत्ता बेहतर हुई है और कृषि क्षेत्र में सकल गैर निष्पादित परिसंपत्तियां अनुपात सबसे ज्यादा 5.1 फीसदी रहा। मार्च 2026 तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल जीएनपीए में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 37.2 फीसदी रही जो सबसे ज्यादा है।

जांच के मुताबिक सामान्य स्थिति में 46 बैंकों का कुल जीएनपीए अनुपात मार्च 2026 के 1.8 फीसदी से बढ़कर मार्च 2028 तक 1.9 फीसदी होने की संभावना है। वहीं दो तरह के प्रतिकूल हालात में यह बढ़कर क्रमशः 3.8 फीसदी और 4.1 फीसदी तक पहुंच सकता है। पहले प्रतिकूल हालात में माना गया कि भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ेगा, ऊर्जा की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी और विनिमय दर पर दबाव रहेगा। इससे 2026-27 में घरेलू महंगाई बढ़ेगी और आर्थिक वृद्धि की रफ्तार धीमी होगी। हालांकि, 2027-28 में हालात धीरे-धीरे सुधरने की संभावना है। दूसरे प्रतिकूल हालात में यह अनुमान लगाया गया है कि भू-राजनीतिक संघर्ष लंबे समय तक जारी रहेंगे और 2027-28 तक और ज्यादा क्षेत्रों में फैल सकते हैं। इससे दोनों वर्षों में महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।रिपोर्ट के मुताबिक चुने गए 46 बैंकों का कुल सामान्य इक्विटी टियर-1 पूंजी अनुपात मार्च 2026 के 15.2 फीसदी से घटकर मार्च 2028 तक सामान्य स्थिति में 13.9 फीसदी रह सकता है। आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2026 के अंत तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 17.7 फीसदी और कॉमन इक्विटी टियर-1 अनुपात 15.3 फीसदी रहा।

सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र, दोनों के बैंकों ने मार्च 2026 में पूंजी पर्याप्तता अनुपात में बढ़ोतरी दर्ज की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि जोखिम-भारित परिसंपत्तियों की तुलना में पूंजी में ज्यादा तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण संभव हुई।

## अप्रैल-मई में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 1.62 लाख करोड़ रुपए हुआ

पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 गुना से ज्यादा

नई दिल्ली।

अप्रैल-मई में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा तेजी से बढ़कर करीब 1.62 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 गुना से ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिकॉर्ड अधिशेष हस्तांतरण के बावजूद राजस्व संग्रह पर बढ़ते दबाव की वजह से सरकार का घाटा बढ़ा है। सीजीए द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1.62 लाख करोड़ रुपए के घाटे की वजह से यह राजकोषीय घाटे के 19.96 लाख करोड़ रुपए बजट अनुमान का करीब 9.6 फीसदी हिस्सा है। अप्रैल-मई 2025 में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का केवल 0.8 फीसदी था।

सरकार की राजस्व प्राप्तियां अप्रैल-मई में करीब 6.99 लाख करोड़ रहीं, जो पिछले साल की इसी अवधि के करीब 7.08 लाख करोड़ रुपए से कम है। कर राजस्व और गैर कर राजस्व दोनों में एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कुल प्राप्तियां अप्रैल-मई में 2 फीसदी घटकर करीब 7.19 लाख करोड़ रुपए रहीं, जो बजट अनुमान का करीब 20 फीसदी है। कर राजस्व में अप्रैल-मई में सरकार का उत्पाद शुल्क संग्रह करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए रहा, जो करीब 20 फीसदी कम है। यह मार्च के अंत में पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में की गई कटौती की वजह से हुआ है। सरकार ने दोनों ईंधनों पर प्रति लीटर करीब 10 रुपए उत्पाद शुल्क कम किया था।

राजस्व में कमी के बावजूद सरकार ने खासकर पूंजी सृजन पर खर्च की गति बनाए रखा। अप्रैल-मई में सरकार के पूंजीगत व्यय में 13 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई और यह करीब 2.51 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस प्रकार, सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने करीब 12.22 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का करीब 21 फीसदी पहले दो महीनों में ही पूरा कर लिया है। रिजर्व बैंक से करीब 2.87 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड लाभांष हस्तांतरण किया गया, जिसके कारण इस महीने गैर-कर राजस्व करीब 13 फीसदी बढ़कर करीब 3.27 लाख करोड़ रुपए हो गया। केंद्रीय बैंक से अप्रत्याशित लाभांश के कारण सरकार ने लगातार तीसरे वर्ष मई में राजकोषीय अधिशेष दर्ज किया।इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज गिरावट से वित्त वर्ष 2027 में सरकार की राजकोषीय स्थिति सुधरी है।

## जून में जीएसटी संग्रह ने छुआ नया रिकॉर्ड, 1.95 लाख करोड़ के पार

### महाराष्ट्र फिर रहा शीर्ष पर, तमिलनाडु में गिरावट

नई दिल्ली।

जून 2026 में देश का सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.95 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर को छू गया है। बुधवार 1 जुलाई को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह आंकड़ा बीते साल इसी महीने की तुलना में 13.9 प्रतिशत अधिक है। पिछली बार जून 2025 में यह संग्रह 1.71 लाख करोड़ रुपये था, जिससे मौजूदा वृद्धि वित्तीय स्थिरता में सकारात्मक रुझान का संकेत देती है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू लेनदेन से प्राप्त सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से राजस्व में 34.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज हुई, जो 60,038 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सिर्फ सकल राजस्व ही नहीं, बल्कि रिफंड चुकाने के बाद केंद्र सरकार की शुद्ध कमाई भी शानदार रही है। शुद्ध आधार पर, भारत सरकार के खाते में 1,62,377 करोड़ रुपये आए हैं, जो बीते साल के मुकाबले 11.2 प्रतिशत ज्यादा है। इस महीने कुल 32,436 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया, जो पिछले साल के 25,121 करोड़ रुपये की तुलना में 29.1 फीसदी अधिक है।

वहीं जीएसटी टैक्स के अलग-अलग हिस्सों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 8 फीसदी बढ़कर 37,376 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जबकि राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 4 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 45,116 करोड़ रुपये हो गया। घरेलू लेनदेन से होने वाला इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) भी 7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,282 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।वहीं राज्यों के जीएसटी कलेक्शन में महाराष्ट्र ने फिर अपना दबदबा कायम रखा, जिसका संग्रह 9 प्रतिशत बढ़कर 30,714 करोड़ रुपये हो गया। वृद्धि दर के मामले में उत्तर प्रदेश 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सबसे आगे रहा और कुल संग्रह 9,165 करोड़ रुपये दर्ज किया। गुजरात (12 प्रतिशत बढ़कर 11,743 करोड़), कर्नाटक (10 प्रतिशत बढ़कर 12,937 करोड़) और हरियाणा (9 प्रतिशत बढ़कर 10,065 करोड़) जैसे प्रमुख राज्यों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया।

## 21 घंटे के संघर्ष के बाद बोरवेल में गिरे मासूम निर्भय ने तोड़ा दम

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा के अंबाला जिले के धनौरा गांव में उस वक्त मातम छा गया जब एक खुले बोरवेल में गिरे चार वर्षीय बच्चे निर्भय को 21 घंटे तक चले अथक बचाव अभियान के बाद भी बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। यह हृदयविदारक घटना उस समय हुई जब मासूम निर्भय खेलते-खेलते अचानक खुले पड़े बोरवेल में जा गिरा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन, भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया था। बच्चे को बाहर निकालने के लिए बचाव दल ने चौबीसों घंटे काम किया। बोरवेल के समानांतर एक गड्ढा खोदा गया, जिसमें ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई और लगातार बच्चे की स्थिति पर कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही थी। हालांकि, 21 घंटों की लगातार कोशिशों के बाद जब आखिरकार बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाला गया, तो उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी जांच की। मेडिकल ऑफिसर डॉ. ऋषिपाल के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान रेस्क्यू वाली जगह पर आप में से कई लोग सुबह से ही मौजूद थे। कई घंटों की लगातार कोशिशों के बाद बच्चे को आखिरकार बाहर निकाला गया और तुरंत इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भेजा गया। रेस्क्यू वाली जगह पर ही हमने देखा कि बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी। जब उसे अस्पताल लाया गया, तो हमने ईसीजी किया, जिससे पुष्टि हुई कि बच्चे की मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को मॉर्चरी में भेज दिया गया।

## राम मंदिर दान में गबन : साध्वी निरंजन ज्योति ने जाहिर की पीड़ा, जांच पर जताया भरोसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में हुए गबन पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रकरण से सभी रामभक्त और श्रद्धालु आहत हैं, लेकिन उन्हें विश्वास है कि जांच सही ढंग से हो रही है और दोषी पकड़े जाएंगे। साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि घटना से उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी चोट पहुंची है, क्योंकि उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में दिन-रात सेवा की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी और सरकार मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई और आठ-नौ लोगों की गिरफ्तारी का हवाला देकर कहा कि जांच उचित दिशा में है और सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। साध्वी निरंजन ज्योति ने ट्रस्ट पर उठ रहे सवालों पर कहा कि जिन लोगों पर भरोसा किया गया था, उन्हीं कार्य में जुटे लोगों ने विश्वासघात किया। उन्होंने घटना पर अपनी हैरानी जताकर कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद, इसतरह का प्रकरण का एक-दो साल में ही सामने आना बिल्कुल सही नहीं है। अखिलेश यादव की टिप्पणियों पर उन्होंने राजनीतिक टीका-टिप्पणी से बचने और जांच को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

## अमरनाथ यात्रा : रजिस्ट्रेशन शुरू, पंजीकरण के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

जम्मू (एजेंसी)। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में, बुधवार से जम्मू में यात्रियों के लिए मौके पर पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। प्रक्रिया शुरू होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारों में खड़े दिखे, जिससे यात्रा को लेकर उनका जबरदस्त उत्साह साफ दिखा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शुक्रवार को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले है। भक्तों ने यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की सराहना की। एक उत्साहित तीर्थयात्री ने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे पहले बैच में मौका मिलेगा। मैं काफी समय से कोशिश कर रहा था। एक अन्य अनुभवी यात्री ने पिछली बार के मुकाबले इस बार की व्यवस्थाओं को और बेहतर बताया। कुछ श्रद्धालुओं ने पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड प्राप्त करने में थोड़ी प्रतीक्षा का अनुभव साझा किया, लेकिन उनका कहना था कि इसके बाद बाबा बर्फानी के दर्शन का विश्वास और सुकून मिल जाता है। इसी बीच, यात्रा का पहला जत्था रवाना होने से पहले श्रीनगर के ट्रांजिट कैंपों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी है। कई पहली बार यात्रा पर आए भक्त बेहद उत्साहित दिखे। एक महिला तीर्थयात्री ने अपनी आस्था व्यक्त कर कहा, मैं बाबा भोलेनाथ में आस्था लेकर आई हूं। उन्होंने हमें बुलाया है और वही दर्शन कराएंगे। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की, बताते हुए कि कैंप में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। गौरतलब है कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू होकर 28 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा के लिए दो मुख्य मार्ग हैं पहलगाम मार्ग, जिसमें मंदिर तक पहुंचने में लगभग चार दिन लगते हैं, और बालटाल मार्ग, जो छोटा है और अक्सर उसी दिन वापसी की जा सकती है।

## कोलकाता पुलिस ने 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाने पर लगाई पाबंदी

कोलकाता (एजेंसी)। टीएमसी ने बुधवार को कोलकाता पुलिस की ओर से 21 जुलाई को मध्य कोलकाता में निषेधाज्ञा लागू करने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। टीएमसी का कहना है कि इस इलाके में पार्टी हर साल 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाती है। कोलकाता पुलिस ने जानकारी दी गई कि इस साल सीईएससी हाउस के सामने शहीद दिवस मनाने की इजाजात नहीं दी जाएगी। कोलकाता पुलिस की ओर से उस इलाके में धारा 163 लागू कर दी है। इसके तहत एक ही समय और जगह पर तय संख्या से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। टीएमसी के बागी नेताओं की ओर से कोलकाता पुलिस के इस फैसले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन टीएमसी नेताओं ने कहा है कि वे इस मामले को कानूनी और राजनीतिक स्तर पर उठाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीएमसी के चार बार लोकसभा सांसद रहे कल्याण बनर्जी का कहना है कि पूरे इलाके में धारा 163 लागू करना और वह भी दो महीने के लिए गैर-कानूनी है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सीएम सुवेंदु अधिकारी लोगों के लोकतांत्रिक रूप से इकट्ठा होने और संगठित विरोध प्रदर्शनों से डरते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस आदेश के खिलाफ निश्चित रूप से कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हम केस दायर करेंगे। हम कानूनी और राजनीतिक, दोनों तरह से इसका मुकाबला करेंगे। हमें देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि लोगों के लोकतांत्रिक आंदोलन को इस तरह नहीं रोका जा सकता।

# राष्ट्र की प्रगति में डाक कर्मियों का अतुलनीय योगदान: गडकरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्र की प्रगति में अपने अथक समर्पण और निष्ठा से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डाक कर्मियों को राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस के अवसर पर पूरे देश ने सलाम किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इन कर्मठ सेवकों को बधाई दी, उनके बलिदान और जन-जन तक सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। यह दिवस उन लाखों डाक कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जो न केवल संदेशों और पार्सलों का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों को भी संचार और विश्वास की डोर से बांधे रखते हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा, राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पर हम अपने डाक कर्मचारियों के अटूट समर्पण, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं, जो देश भर में दूरियों को मिटाते हुए लाखों लोगों को आपस में जोड़ते हैं। उनकी अथक कोशिशों से यह सुनिश्चित होता है कि हर चिट्ठी, पार्सल और संदेश भरोसे, देखभाल और विश्वसनीयता के साथ अपनी मंजिल तक पहुंचे। आपकी अमूल्य सेवा के लिए दिल से आभार। गडकरी के ये शब्द भारतीय डाक सेवा के विशाल नेटवर्क और उसके पीछे की मानवीय शक्ति का सटीक चित्रण करते हैं। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी डाक कर्मियों की भूमिका को सराहा। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डाक कर्मियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण को राष्ट्र की प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि उनकी निष्ठा और जन-जन तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास देश के विकास में अहम है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश के कोने-कोने तक विश्वास, संवाद और सेवा का संदेश पहुंचाने में डाक कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को नमन किया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संचार, सेवा और विश्वास की डोर को सशक्त बनाने में डाक कर्मियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ ये कर्मी प्रत्येक नागरिक तक डाक, वित्तीय सेवाएं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी डाक कर्मियों की कर्मनिष्ठा, समयबद्ध सेवा और जनसमर्पण को देशवासियों के विश्वास का सशक्त माध्यम बताया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी डाक कर्मियों के अथक परिश्रम, निष्ठा और प्रतिबद्धता की सराहना की, जिसने देश के कोने-कोने तक संवाद और विश्वास



के सेतु को मजबूत किया है। भारतीय डाक सेवा, जो अपनी स्थापना के बाद से लगातार विकसित हो रही है, आज केवल चिट्ठियां पहुंचाने तक सीमित नहीं है। यह वित्तीय सेवाओं, बीमा योजनाओं, पासपोर्ट सेवाओं और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है।

## जनरल धीरज सेठ ने संभाला थलसेना प्रमुख का पदभार, पिता को किया सैल्यूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना के नए थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में आयोजित गार्ड ऑफ ऑनर समारोह में एक अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण दिखाई दिया। गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त करने के बाद, जनरल सेठ ने अपने पिता, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. सेठ, को सैन्य सैल्यूट किया। पिता ने भी पलटकर सैल्यूट किया, जिसके बाद नए सेना प्रमुख ने अपने पिता सहित वहां मौजूद परिजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य उपस्थित सैन्य अधिकारियों, जवानों और अतिथियों के लिए विशेष प्रेरणा का केंद्र रहा। इस समारोह में जनरल सेठ के छोटे भाई, रियर एडमिरल रवनीश सेठ भी मौजूद थे, जिन्होंने बड़े भाई को सैल्यूट कर अपनी खुशी व्यक्त की। भारतीय सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं में सेवा दे रहे इस परिवार की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। यह सैन्य परंपरा, पारिवारिक संस्कारों और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट समर्पण का एक अनूठा संगम था। पदभार संभालने के बाद, भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख जनरल सेठ ने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करना उनके लिए गर्व और विनम्रता का विषय है। उन्होंने 'कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांतों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दिखाकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का संकल्प लिया। नए थलसेना प्रमुख ने राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। जनरल सेठ ने 30 जून 2026 को सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। इससे पहले वे सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सहित सभी पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान को नमन किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र जनरल सेठ ने दिसंबर 1986 में भारतीय सेना की बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था।

## सोनम वांगचुक की सेहत बिगड़ने पर दीपके ने केंद्र पर साधा निशाना

**-प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं में व्यस्त इन मुद्दों के लिए समय नहीं**

**-जंतर-मंतर पर जारी भूख हड़ताल के बीच शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई**



नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षाविद् और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि वांगचुक का स्वास्थ्य लगातार खराब हो रहा है, लेकिन उनकी मांगों को लेकर उनका संकल्प पहले की तरह मजबूत बना हुआ है। दीपके ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री तो विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं, उनके पास इन मुद्दों के लिए समय ही नहीं है।

अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि सोनम वांगचुक की तबीयत हर घंटे बिगड़ रही है और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। इससे पहले उन्होंने एक अन्य पोस्ट में दावा किया था कि भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का वजन लगभग दो किलोग्राम कम हो गया है तथा उनका रक्तचाप लगातार गिर रहा है।

सीजेपी पिछले 12 दिनों से जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी की प्रमुख मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें पद से हटाया जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली में हुई कथित अनियमितताओं की जवाबदेही तय करने की भी मांग की जा रही है। इन्हीं मांगों के समर्थन में सोनम वांगचुक ने रविवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है।

मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अभिजीत दीपके से पूछा गया कि विरोध प्रदर्शन के बीच देश में दो अन्य परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस पर उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पास इन मुद्दों के लिए समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकताएं अलग हैं और छात्रों की परीक्षाओं से जुड़े गंभीर मामलों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने राघव चड्ढा के खिलाफ आपत्तिजनक दस्तावेज हटाने को कहा

**-पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा को लेकर व्यापक अंतरिम आदेश से अदालत का इनकार**

**-राजनीतिक आलोचना वाली सामग्री नहीं हटेगी**



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें आंशिक राहत दे दी है। अदालत ने सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित पांच आपत्तिजनक दस्तावेज हटाने का निर्देश दिया है, लेकिन कथित मानहानिकारक सामग्री को हटाने या उनके व्यक्तित्व अधिकारों (पर्सनैलिटी राइट्स) की सुरक्षा के लिए कोई व्यापक अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया है। इस आदेश के आधार पर कहा जा रहा है कि राजनीतिक आलोचनाओं वाली सामग्री नहीं हटाई जा सकेगी।

जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने कहा कि जिन पांच दस्तावेजों पर याचिकाकर्ता ने विशेष आपत्ति जताई थी, उन्हें हटाया जाए। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि शेष सामग्री प्रथम दृष्टया मानहानिकारक या व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में नहीं आती। इससे पहले 21 मई को अंतरिम राहत की मांग पर सुनवाई के दौरान भी अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि मामला पर्सनैलिटी राइट्स से अधिक राजनीतिक आलोचना का प्रतीत होता है। अदालत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक नेताओं के निर्णयों की आलोचना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है और ऐसे मामलों में व्यक्तित्व अधिकारों तथा मानहानि के दावों के बीच अंतर करना आवश्यक है।

राघव चड्ढा ने अपनी याचिका में सोशल मीडिया पर प्रसारित एआई-जनित डीपफेक वीडियो, मॉर्फ्ड तस्वीरों, सिंथेटिक वॉयस क्लोनिंग, मनगढ़ंत भाषणों और अन्य भ्रामक डिजिटल सामग्री पर रोक लगाने की मांग की थी। अदालत को बताया गया कि कुछ तस्वीरों में उन्हें साड़ी पहने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन पर पैसे बरसाते हुए दिखाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस प्रकार की सामग्री का उद्देश्य यह संदेश देना है कि उन्होंने राजनीतिक लाभ या धन के लिए अपना पक्ष बदल लिया। सुनवाई के दौरान चड्ढा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलील दी कि संबंधित सामग्री अश्लील, भ्रामक और मानहानिकारक है। वहीं, अदालत ने टिप्पणी की कि एक राजनीतिक नेता को आलोचना और व्यक्तिगत हमले के बीच अंतर समझना चाहिए तथा हर आलोचनात्मक सामग्री को व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जा सकता। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि प्रतिवादियों की पहचान स्पष्ट न होने की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर एमिकस क्यूरी (अदालत की सहायता के लिए नियुक्त अधिवक्ता) नियुक्त किया जा सकता है। फिलहाल, अदालत ने केवल पांच दस्तावेज हटाने के निर्देश देते हुए व्यापक अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है।

# मणिपुर सीमा पर टेंशन, नागा नाकाबंदी के खिलाफ सड़क पर उतरे कुकी

**सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला**



इंफाल (एजेंसी)। पूर्वोत्तर भारत में शांति की स्थापना की राह अभी भी चुनौतियों से भरी दिख रही है। मणिपुर में हालिया हिंसा की घटनाओं के बाद अब एक बार फिर हालात संवेदनशील हो गए हैं। इस बार तनाव का केंद्र नागा संगठनों द्वारा जारी आर्थिक नाकाबंदी और उसके खिलाफ कुकी समुदाय का तीखा विरोध है। इम्फाल वेस्ट और कांगपोकपी जिले की सीमा पर मंगलवार को उस समय स्थिति गरमा गई जब लगभग 200 कुकी प्रदर्शनकारी नाकाबंदी के विरोध में मार्च निकालते हुए आगे बढ़ने लगे। हालांकि, सुरक्षाबलों ने समय रहते उन्हें रोक लिया और किसी भी बड़ी झड़प को टालते हुए हालात को बिगड़ने से बचा लिया। यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि मणिपुर में जातीय तनाव अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है और किसी भी छोटी चिंगारी से एक बार फिर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, कांगपोकपी जिले के मोटबुंग और गामगिफाई इलाके से लगभग 200 कुकी प्रदर्शनकारी गामगिफाई में एकत्र हुए और इम्फाल वेस्ट के कांगलाटोंगबी क्षेत्र के नामदिलोंग की ओर मार्च करने लगे। उनका मुख्य आरोप था कि नागा संगठनों की लगातार जारी आर्थिक नाकाबंदी से आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदर्शनकारी नेशनल हाईवे पर सामान्य आवाजाही बहाल करने और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को गामगिफाई से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी और स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। हालांकि किसी बड़े टकराव की खबर नहीं है, लेकिन पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है और प्रशासन लगातार दोनों पक्षों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

पिछले कई हफ्तों से नागा सिविल सोसायटी संगठनों द्वारा एनएच-2 पर विरोध प्रदर्शन और आर्थिक नाकाबंदी जारी है। यह आंदोलन विशेष रूप से छह नागा नागरिकों की हत्या के विरोध में किया जा रहा है। बीते सप्ताह भी उस समय झड़प हुई थी, जब सुरक्षा बलों ने कुकी नागरिकों को सुरक्षा के घेरे में इस मार्ग से निकालने की कोशिश की थी, जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। कुकी-जो संगठन कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने शनिवार आधी रात से केंद्र और मणिपुर सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। संगठन ने मांग की थी कि कांगपोकपी जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय राजमार्गों पर आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों और अन्य जरूरी सामान की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाए। चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो विरोध प्रदर्शन और तेज किए जा सकते हैं।

**दवाओं की भी आपूर्ति हुई ठप**

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस पूरे विवाद की जड़ उन छह नागा नागरिकों की हत्या है, जिनके लिए न्याय की मांग करते हुए नागा संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर व्यापक आर्थिक नाकाबंदी कर रखी है। इस नाकाबंदी से कांगपोकपी जिले में आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों और रोजमर्रा की चीजों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिससे कुकी समुदाय में भारी नाराजगी है। इसी नाराजगी के चलते कुकी समुदाय के लोगों ने इस प्रदर्शन का निर्णय लिया। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा क्षेत्र में पहले से ही बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात थे।

## डीएमके का 100 करोड़ का मानहानि केस वापस : अन्नामलाई ने कहा, अपने हर आरोप पर कायम



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजनीति में मंगलवार को अहम मोड़ आया, जब भाजपा के पूर्व नेता के. अन्नामलाई ने दावा किया कि डीएमके सांसद टी.आर. बालू ने उनके खिलाफ दायर 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा वापस लिया है। इस घटनाक्रम के बाद अन्नामलाई ने कहा कि वे सत्ताधारी पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ लगाए गए अपने सभी भ्रष्टाचार के आरोपों पर आज पूरी तरह कायम हैं।

यह कानूनी विवाद अन्नामलाई के बहुचर्चित डीएमके फाइल्स कैंपेन से जुड़ा है, जिसके तहत उन्होंने सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेताओं, विशेषकर टी.आर.बालू और उनके परिवार की कथित संपत्तियों का ब्यौरा सार्वजनिक किया था। अन्नामलाई ने हुए बताया कि बालू ने डीएमके फाइल्स के माध्यम से उनके और उनके परिवार की संपत्ति व कंपनियों की जानकारी प्रकाशित करने के लिए यह मानहानि का केस दायर किया था।

अन्नामलाई ने बताया कि सुनवाई के दौरान उन्होंने खुद मामले में पैरवी की और व्यक्तिगत रूप से बालू से जिरह की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिरह के दौरान बालू ने अदालत में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसके जवाब में उन्हें डीएमके सांसद के खिलाफ एक अलग मामला दायर करना पड़ा था। अन्नामलाई ने कहा, आज, थिरु टी.आर. बालू ने अपनी मर्जी से मेरे खिलाफ दायर मानहानि का केस वापस लेने का फैसला किया।

भाजपा के पूर्व नेता ने स्पष्ट किया कि केस वापस लेना बालू का अपना निर्णय था, लेकिन वे पिछली डीएमके सरकार और पार्टी के कुछ सदस्यों के खिलाफ की गई हर एक टिप्पणी पर अडिग हैं। उन्होंने अपनी कानूनी टीम और समर्थन देने वाले वकीलों को धन्यवाद देकर पोस्ट का समापन सत्य की हमेशा जीत होती है! के कथन के साथ किया। यह घटनाक्रम अन्नामलाई द्वारा हाल ही में घोषित वी द लीडर्स आंदोलन के राजनीतिक पार्टी में बदलने की तैयारी के बीच आया है, जिसका लक्ष्य जुलाई तक 50 लाख सदस्य जोड़कर तमिलनाडु में गवर्नेंस, भ्रष्टाचार और ड्रग्स की बढ़ती समस्या जैसे मुद्दों पर एक मजबूत राजनीतिक विकल्प प्रदान करना है।

## मंगलुरु में बारिश में मकान पर गिरा मलबा, दो बच्चियों समेत तीन की मौत

मंगलुरु(एजेंसी)। कर्नाटक के मंगलुरु में बारिश में एक मकान ऊंचाई से गिरे मलबे में दब गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। तीन घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि वे खतरे से बाहर हैं। मंगलुरु के नागोरी में कंकनाडी पुलिस स्टेशन के पीछे यह घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई जब ऊंचाई पर बने एक घर की कंपाउंड वॉल चार अलग-अलग इमारत पर गिर गई। एक घर का पिछला हिस्सा पूरी तरह से ढह गया। इससे मकान में रहने वाले लोग अंदर फंस गए। घटना के तुरंत बाद लोग और बचाव दल मौके पर पहुंचे। आपातकालीन कर्मियों ने एक पुरुष और दो लड़कियों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, मलबे के नीचे फंसी एक महिला और दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव अभियान के बाद उनके शव बरामद किए गए।

# रात भर हुई मूसलाधार बारिश से मुंबई में कई सड़कें जाम, पेड़ गिरने से छात्र की मौत

**-भारी जलजमाव के चलते अंधेरी सबवे पर यातायात बंद, कई जिलों में अलर्ट जारी**

गांधीनगर (एजेंसी)। मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई और उसके उपनगरीय इलाकों में रात भर हुई मूसलाधार बारिश से आर्थिक राजधानी के पहिये धीमे हो गए। भारी जलजमाव के कारण अंधेरी सबवे को एहतियातन यातायात के लिए बंद करना पड़ा। रात भर हुई भारी बारिश से आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है और लोगों ने एक्स पर ट्रैफिक में देरी की जानकारी दी है। प्रभावित इलाकों में ट्रैफिक को दूसरी तरफ मोड़ने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। भारी बारिश के बाद सोमवार और मंगलवार को भी अंधेरी सबवे में पानी भर गया था। हालांकि दिन में पानी कम हो गया था, लेकिन रात में फिर से हुई बारिश के कारण दोबारा पानी भर गया, जिससे अधिकारियों को पूर्व-पश्चिम को जोड़ने वाले इस अहम रास्ते को फिर से बंद करना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मानसून की बारिश ने मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में ज़ोरदार दस्तक दी, जिससे बड़े पैमाने पर अव्यवस्था और ट्रैफिक में रुकावटें आईं और उपनगरों में एक दुखद घटना भी हुई। पश्चिमी उपनगरों में कई जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं हुईं, जिससे सड़कें बुरी तरह जाम हो गईं। डीएन नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक पेड़ उखड़कर गिर गया, जिससे एक बस को नुकसान पहुंचा और आसपास की चीजें कुचल गईं, जिससे लोकल ट्रैफिक रुक गया।

ईस्टर्न फ्रीवे पर कम विजिबिलिटी और फिसलन भरी सड़कों के कारण मंगलवार सुबह दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। अंधेरी में स्वामी विवेकानंद रोड पर भी एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ काटने वाली मशीनों के साथ नगर निगम के कर्मचारियों को तैनात किया। कम विजिबिलिटी और धीमी गति से ट्रैफिक चलता रहा क्योंकि मुंबई में ज़ोरदार बारिश हो रही थी। फ्रीवे पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई, जिससे और देरी हुई; दुर्घटना में घायल लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिली है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और उसके आसपास के उपनगरों में लगातार भारी बारिश और बीच-बीच में आंधी-तूफान की भविष्यवाणी की है और नागरिकों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और कमज़ोर ढांचों और घने पेड़ों वाले इलाकों से दूर रहें। इस बीच, चेंबूर में एक स्कूल बस पर बड़ा पेड़ गिरने से 11 साल के छात्र की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। भारी बारिश और तेज़ हवाओं ने मुंबई में तबाही मचाई।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि फिलहाल भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना कम है और इस इलाके के लिए चेतावनी का स्तर बढ़ा दिया है। कोंकण क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट क्योंकि तट पर लगातार भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। पुणे ज़िले के



लिए ऑरेंज अलर्ट क्योंकि पहाड़ी रास्तों पर तेज़ बारिश हो रही है और छोटे-मोटे भूस्खलन का खतरा है और पुणे शहर के लिए येलो अलर्ट क्योंकि हल्की से मध्यम बारिश लगातार हो रही है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902